रोहतक
शनिवार 24 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 261
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.5°C
न्यून. 13.7°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



संदीप

खबर संक्षेप

चीन के पेट्रोलिंग रूट बदलने से दिक्कत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आईटीबीपी के डीजी शत्रुजीत कपूर के बयान पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि एलएसी पर समय-समय पर स्थिति तब बिगड़ती है, जब चीनी सैनिक तय गश्त पैटर्न से अलग हटकर गतिविधियां करते हैं। भारत ने जोर देकर कहा कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए जरूरी है। **(विस्तृत पेज 8 पर)**



सोना 1,900 और चांदी 5,500 रुपये टूटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 टूटकर 1,46,100 रुपये प्रति 10 ग्राम सभी करों सहित) पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमत भी 5,500 रुपये गिरकर 2,02,000 रुपये प्रति किलो रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। 30 सितंबर से अब तक चांदी 30,000 रुपये सस्ती हो चुकी है।

बिहार की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट : 5 की मौत

सीवान। बिहार के सीवान में पटाखा बनाने के दौरान हुए ब्लास्ट में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। इसमें पटाखा फैक्ट्री मालिक अमीरुद्दीन और उनकी 2 पोतियां शामिल हैं। पहले धमाके में 7 मौतों की जानकारी आई थी, लेकिन डीएम विजय प्रकाश मीणा ने 5 मौतों की ही पुष्टि की है। जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव के एक इमारत में पटाखे बनाए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक धमाके होने लगे। इस धमाके में पूरा मकान उड़ गया। लोगों के शव सड़क पर बिखर गए। एजेंसी

पुंछ में सेना ने 7 संदिग्ध आईईडी बरामद किए

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना ने तलाशी अभियान के दौरान 7 संदिग्ध आईईडी और 7.62 मिमी लाइट मशीन गन की मैगजीन बरामद की। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, खुफिया जानकारी मिलने के बाद 156 टेरिटोरियल आर्मी और 37 राष्ट्रीय राइफल्स ने कासबलारी गांव के पास तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान भूरे टेप से लिपटे 6 कंटेनर, नीले टेप से लिपटा 1 कंटेनर और एक संदिग्ध मैगजीन कंटेनर मिला। इसके अलावा एक काला बैग, कॉम्बैट पाउच, पावर अडैप्टर, बिजली का स्रोत, एल्युमिनियम कंटेनर और टिफिन भी मिला। वहीं, बारामूला में एक दिन पहले 2 संदिग्ध गिरफ्तार किए थे। एजेंसी

जॉर्डन के ऑर्थोडॉक्स चर्च में गोलीबारी, 7 की मौत

यरूशलम। जॉर्डन के एक चर्च में दो बंदूकधारियों ने भीतर घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हो गए। हमले के वक्त चर्च में अंतिम संस्कार चल रहा था। एक रिपोर्ट के अनुसार एक ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च के अंदर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। यह गोलीबारी राजधानी अम्मान से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण में स्थित करक के एक ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च में हुई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने 'अल-ममलका' को बताया कि बंदूकधारी गाड़ी में आए थे। एजेंसी

पैरा एशियन गेम्स : हरियाणा के हन्नी, संदीप और हरविंद्र समेत 9 खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड

अंतिम दिन भारत ने 26 मेडल कब्जाए, कुल 114 मेडल जीते, पिछली बार से 6 ज्यादा


मोना अग्रवाल

नई दिल्ली। पैरा एशियन गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को 114 मेडल दिलाए। इनमें 30 गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। शुक्रवार को अंतिम दिन हरियाणा के हरविंद्र सिंह, हन्नी, संदीप समेत 9 भारतीय खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीते। भारत ने 9 गोल्ड, 9 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज समेत कुल 26 मेडल कब्जाए। इसके साथ ही भारत का अभियान समाप्त हो गया। भारत ने 2023 में हुए पिछले पैरा एशियन गेम्स में 27 गोल्ड सहित कुल 108 मेडल जीते थे। इस बार भारत ने अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए पदकों की संख्या में नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिलहाल भारत मेडल टेली में चौथे स्थान पर कायम है।


हरविन्द्र सिंह


हन्नी

तीरंदाजी में चीन को हराकर जीता स्वर्ण : रिकर्व मेंस डबल्स के फाइनल में हरविंदर सिंह और विजय सुंडी की जोड़ी ने चीन को 5-1 से हराकर गोल्ड मेडल जीता।

प्रणव, नीतेश, नवीन और हनी समेत कई खिलाड़ियों ने चमकाया नाम

समापन समारोह में मोना व निषाद होंगे ध्वजवाहक

उकलाना की भावना को सिल्वर
महिला पैरा रिकर्व डबल्स में भावना चौधरी और पूजा जाटयान को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। फाइनल में चीनी जोड़ी ने भारत को 6-0 से हराया।

रचा इतिहास : मेडल टेली में चौथा स्थान

गोल्ड	रजत	कांस्य
30	35	49


तैराकी में रोहतक के हिमांशु नांदल ने तीसरा कांस्य पदक जीता

बैडमिंटन में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा

- बैडमिंटन में नीतेश कुमार ने पुरुष सिंगल्स एसएल 3 के फाइनल में हमवतन प्रमोद भगत को 21-18, 21-16 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।
- नवीन शिवकुमार ने पुरुष सिंगल्स एसएल 4 के फाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेटियावान को 21-9, 21-17 से हराकर स्वर्ण जीता।
- महिला डबल्स एसएल-3-एसयू 5 में थुलासिमथि मुरुगेसन व मानसी गिरिशचंद्र जोशी की जोड़ी ने चीन की यांग क्यूशिया और शियाओ जुक्सियान को हराकर गोल्ड जीता। महिला एसयू-5 सिंगल्स में थुलासिमथि को सिल्वर मिला।

एथलेटिक्स और शूटिंग में रिकॉर्ड प्रदर्शन

- पैरा एथलेटिक्स में हनी ने पुरुष भाला फेंक एफ37/38 स्पर्धा में 60.49 मीटर का थ्रो कर गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने टी-37 कैटेगरी में विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- संदीप ने पुरुषों की 400 मीटर टी64 स्पर्धा में 52.28 सेकेंड का समय लेकर गोल्ड जीता और भारत को 100वां मेडल दिलाया। अजय कुमार ने इस स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।
- शूटिंग में मोना अग्रवाल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन एसएच-1 स्पर्धा में गोल्ड जीता।

प्रणव सूरमा ने जीता दूसरा गोल्ड

भारतीय खिलाड़ी प्रणव सूरमा ने मेंस क्लब थ्रो एफ-51 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश की उपलब्धि में इजाफा किया। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 32.87 मीटर का थ्रो किया। प्रणव का इन खेलों में यह दूसरा गोल्ड मेडल रहा। इसी स्पर्धा में भारत के धरमबीर नैण ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। *(खेल पेज भी देखें)*



चरखी दादरी व पलवल में बारिश के साथ गिरे ओले

हरियाणा (हरिभूमि टीम)। प्रदेश में शुक्रवार को अचानक मौसम बदल गया। चरखी दादरी और पलवल में बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, रेवाड़ी में बारिश हुई। नूंह में अंधेरा छा गया। हिसार समेत कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने नूंह, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रेवाड़ी और झज्जर के कुछ इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है। आईएमडी के मुताबिक, एक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण हवाओं का रुख उत्तर-पश्चिमी से बदलकर उत्तर-पूर्वी हो जाएगा। इसके चलते 25 और 26 अक्टूबर को भी प्रदेश में मौसम बदल सकता है। कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है।

अभी तीन दिन खराब रहेगा मौसम
सुबह-शाम बढ़ेगी ठंड

फसलों पर असर
इन दिनों विभिन्न फसलों की बिजाई का काम चल रहा है। ऐसे में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियां किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर सकती हैं। जिन खेतों में हाल ही में बीज बोए गए हैं या अंकुरण की प्रक्रिया जारी है, वहां तेज हवाओं और ओलावृष्टि से नुकसान की आशंका बनी हुई है। हालांकि, फसलों को हुए वास्तविक नुकसान का आकलन होना बाकी है।

मौसम पर निगाहें
अचानक हुई ओलावृष्टि के बाद किसान आगामी दिनों के मौसम को लेकर चिंतित हैं। किसानों को आशंका है कि यदि मौसम फिर बिगड़ता है, तो खेतों में चल रहे कृषि कार्य प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में किसानों की निगाहें मौसम के अगले बदलाव पर टिकी हैं।

मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री के साथ बैठक के बाद बनी सहमति

निजी कंपनी का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश

प्रदेश में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, 45 घंटे बाद राहत

नायब ने तुरंत बिजली बहाली के आदेश दिए, सभी जिलों से मांगी रिपोर्ट

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में बिजली कर्मचारियों ने गुरुग्राम-नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का लाइसेंस देने के विरोध में चल रही हड़ताल आखिरकार 45 घंटे बाद खत्म कर दी। शुक्रवार शाम को पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिजली मंत्री अनिल विज के साथ हुई बैठक के बाद हड़ताल खत्म करने पर सहमति बन गई। बैठक में निजी कंपनी का लाइसेंस रद्द कराने का आश्वासन मिला। सीएम ने कहा कि सरकार ने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) को पत्र लिखकर कंपनी का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की है। ऑल हरियाणा पावर वर्कर यूनियन के नेता देवेंद्र हुड्डा ने कहा कि 3 नवंबर को दोबारा मीटिंग होगी।



सीएम ने दिया आश्वासन
सीएम सैनी ने बिजली अधिनियम की धारा 108 के तहत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा वे प्राइवेट कंपनी को हरियाणा में घुसने नहीं देंगे। सभी मांगों पर बात होने के बाद वे हड़ताल वापस लेने का फैसला हुआ। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी जिलों में तुरंत सप्लाई बहाल करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जिलों से रिपोर्ट भी मांगी है।

बैठक में ये शामिल
बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी, बिजली मंत्री अनिल विज, राज्य सरकार के मुख्य सचिव के अलावा बिजली कंपनियों की चेयरपर्सन आशिमा बराड़, डा. आदित्य दहिया एमडी विक्रम सिंह के अलावा हरियाणा के एडवोकेट जनरल भी आए हुए थे। समझौते के बाद में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बिजली सुचारू करने का काम भी रात में ही होगा।

कई जगह हुआ था ब्लैकआउट
गुरुग्राम-नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण लाइसेंस देने के विरोध में हड़ताल के कारण सरकार को भारी सिरदर्द झेलना पड़ गया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत करनाल नूंह जैसे करीब 15 जिलों में ब्लैक आउट होने के साथ ही कई तरह की दिक्कतों का सामना आम लोगों को करना पड़ रहा था। हिसार, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, सोनीपत और गुरुग्राम में भी लोग सड़कों पर उतर आए। हड़ताल के चलते कुरुक्षेत्र और कैथल बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखा। वहीं, पानीपत थर्मल पावर प्लांट की दो यूनिट बंद हो गईं।

हम कर्मचारियों के साथ
मुख्यमंत्री नायब सैनी और ऊर्जा मंत्री ने बैठक में सहमति के बाद संयुक्त तौर पर कहा कि जब गुरुग्राम और नूंह के लिए हरियाणा विद्युत नियामक आयोग की ओर से आदेश आया था, उसी समय हमने कहा था कि हम फैसले के खिलाफ हैं और कर्मचारियों के साथ हैं। एचईआरसी एक एक्ट के तहत काम करता है। बिजली वितरण के लिए कोई भी आवेदन कर सकता है। हमने बिजली अधिनियम की धारा 108 के तहत एचईआरसी से इस फैसले की समीक्षा करने को कहा है। कर्मचारियों ने भी आश्वासन दिया है कि वे हड़ताल खत्म कर रहे हैं।

इसलिए की थी हड़ताल : यह भी बता दें कि गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को 25 साल के लिए बिजली वितरण का लाइसेंस देने के विरोध में हड़ताल कर रहे हैं। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने 19 अक्टूबर 2026 को कंपनी को दोनों जिलों में सरकारी बिजली वितरण निगमों के समानांतर बिजली वितरण का लाइसेंस दिया था। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि इससे सरकारी बिजली निगमों के राजस्व पर असर पड़ सकता है और कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

मुंबई की मेयर रितु तावड़े को मिली धमकी भरी ई-मेल

अमिताभ का बंगला उड़ाने व दोसांझ को मारने की धमकी

मुंबई/कोलकाता (एजेंसी)। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े को यह धमकी भरी ई-मेल भेजा गया। इसमें अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की बात लिखी गई। कहा गया कि 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है। हमला 1984 के 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का बदला होगा। इसी मेल में गायक दिलजीत दोसांझ को भी आत्मघाती हमले में मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह मेल तब आया है, जब 5 दिन पहले रविवार को एक्टर टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग की गई। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी।





कोलकाता एयरपोर्ट पर भी बम की अफवाह
नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह महिला शौचालय में टिश्यू पेपर पर लिखा बम की धमकी वाला नोट मिलने से हड़कंप मच गया। नोट में बोर्डिंग गेट नंबर 30 पर बम होने की चेतावनी दी गई थी।

दोसांझ के दिल्ली कॉन्सर्ट को मंजूरी
सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ के दिल्ली कॉन्सर्ट को पुलिस ने मंजूरी दे दी है। एक दिन पहले दिल्ली पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था। यह शो 30 अक्टूबर को जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में होगा।

तिब्बत में भूकंप से 18 की मौत, 76 घायल

बीजिंग/ल्हासा (भाषा)। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में 7.0 तीव्रता का भूकंप आने से 18 लोगों की मौत हो गई और 76 अन्य लोग घायल हो गए, जिसके बाद 12,000 से अधिक निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्राधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार देर रात नागकू शहर की बाकेन काउंटी में आए भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से खबर दी कि अब तक 12,489 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने, बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

7.0 तीव्रता के भूकंप से तबाही, केंद्र 10 किमी की गहराई में था

एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन,100 हिरासत में

नई दिल्ली (भाषा)। देश की राजधानी दिल्ली में एक राष्ट्र-एक चुनाव और एसआईआर के विरोध में शुक्रवार को जमकर राजनीतिक ड्रामा और विरोध प्रदर्शन हुआ। बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास एकत्रित हुए प्रदर्शनकारियों ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। 'ज्ञानेश कुमार गद्दी छोड़' के नारों के साथ जब प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग के दफ्तर की ओर मार्च शुरू किया, तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इस दौरान हुई तीखी झड़प के बाद पुलिस ने करीब 100 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

चुनाव आयोग की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

नेहा बोरा को भरना होगा 10000 का बॉन्ड

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में एसआईआर के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। नेहा ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट की ओर से जारी उस नोटिस को चुनौती दी थी, जिसमें शांति बनाए रखने के लिए 10 हजार रुपये का पीस बांड भरने को कहा गया था। अब नेहा को पीस बॉन्ड भरना होगा। हालांकि कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि इस मामले से जुड़े सारे दस्तावेज नेहा बोरा को उपलब्ध कराए जाएं। कोर्ट ने 22 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।


प्रदर्शन में शांति भंग करने का आरोप

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग का मामला

हरियाणा से गिरफ्तार 3 आरोपी 28 तक पुलिस हिरासत में भेजे

भाषा ▶▶ मुंबई

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के मामले में कथित संलिप्तता को लेकर हरियाणा से गिरफ्तार तीन लोगों को शुक्रवार को यहां की एक अदालत ने 28 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अंकित खट्टर, समीर खत्री और जतिन पांचाल को 21 अक्टूबर को सोनीपत से गिरफ्तार किया गया था। उन पर 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू इलाके में अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग की साजिश में शामिल होने का आरोप है। खट्टर, खत्री और पांचाल को ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई लाया गया और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डी एस खेडकर के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 28 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार, तीनों साजिश के विभिन्न पहलुओं में शामिल थे, जिनमें साजो-सामान की व्यवस्था करना, धन का लेनदेन और हथियारों की खरीद शामिल है। इसने अदालत को बताया कि अंकित ने घटनास्थल की टोह ली थी और इसकी जानकारी उन सह-आरोपियों को दी थी, जिन्होंने फायरिंग की थी।



जियो आईपीओ ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन मिले

7.40 लाख करोड़ की बोलियां

30213 करोड़ के इश्यू को 22 गुना से अधिक सब्सक्रिप्शन, 20 फीसदी से ज्यादा रिटर्न संभव

मुंबई (एजेंसी)। जियो प्लेटफॉर्म्स के 30,213 करोड़ के आईपीओ ने आवेदन संख्या के मामले में नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। तीन दिन की बोली प्रक्रिया के दौरान आईपीओ को 1.38 करोड़ से अधिक आवेदन मिले, जो किसी भी आईपीओ के लिए सबसे बड़ी संख्या है। शुक्रवार शाम 7 बजे बिडिंग बंद होने तक इश्यू 22 गुना से अधिक सब्सक्राइब हो चुका था। एंकर और गैर-एंकर निवेशकों की कुल बोलियों का मूल्य करीब 7.40 लाख करोड़ तक पहुंच गया। निवेशकों की इस जबरदस्त दिलचस्पी ने देश के पूंजी बाजार में जियो आईपीओ को ऐतिहासिक बना दिया है। इसमें 20 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिलने की संभावना है।

संस्थागत निवेशकों में जबरदस्त उत्साह
आईपीओ में गैर-एंकर निवेशकों की ओर से करीब 4.90 लाख करोड़ और एंकर निवेशकों की ओर से लगभग 2.50 लाख करोड़ की मांग आई। बड़े संस्थागत निवेशकों की क्यूआईबी कैटेगरी 70.55 गुना सब्सक्राइब हुई। वहीं, गैर-संस्थागत निवेशकों की कैटेगरी में 14 गुना मांग दर्ज की गई। रिलायंस शेयरहोल्डर कोटा 7.60 गुना और कर्मचारी कोटा 2.93 गुना सब्सक्राइब हुआ।



26 अक्टूबर को आवंटन, 28 को लिस्टिंग प्रस्तावित
निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ का आवंटन 26 अक्टूबर को तय होना है। 27 अक्टूबर को शेयर निवेशकों के डीमैट खातों में क्रेडिट किए जाने और 28 अक्टूबर को बीएसई तथा एनएसई पर लिस्टिंग प्रस्तावित है।

रिटेल निवेशकों के लिए शेयरों की होड़
रिटेल निवेशकों की कैटेगरी में भी उपलब्ध शेयरों के मुकाबले कई गुना ज्यादा बोलियां आईं। इस श्रेणी में करीब 8.5 करोड़ शेयर उपलब्ध थे, जबकि 23 करोड़ से अधिक शेयरों के लिए आवेदन किया गया। इस तरह रिटेल कैटेगरी में 2.72 गुना मांग रही।

वारी एनर्जीज का रिकॉर्ड टूटा
आवेदनों की संख्या के लिहाज से इससे पहले सबसे बड़ा रिकॉर्ड वारी एनर्जीज के नाम था। अक्टूबर 2024 में उसके आईपीओ को 97.34 लाख आवेदन मिले थे। जियो आईपीओ में यह संख्या बढ़कर 1.38 करोड़ से अधिक हो गई। पहले दिन करीब 30.5 लाख आवेदन आए थे, जबकि दूसरे दिन तक आंकड़ा 75 लाख पार कर गया। तीसरे दिन आवेदनों में तेजी से बढ़ोतरी हुई और नया रिकॉर्ड बन गया। संयोग से आईपीओ की बिडिंग 23 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी के जन्मदिन के दिन समाप्त हुई।

खबर संक्षेप



संत रविदास के विचारों को जीवन में अपनाएं

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने युवाओं का आह्वान किया कि वे संत रविदास के विचारों को केवल पुस्तकों और पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि अपने जीवन और व्यवहार का हिस्सा बनाएं। राज्यपाल पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में 'संत रविदासः परम्परा, परिवर्तन और प्रतिरोध की चेतना' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज को संतों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

बूथों को और मजबूत करेगी भाजपा, विस चुनाव में हारी सीटों पर फोकस

■ प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं को दिए मंत्र, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसदों व विधायकों के साथ किया मंथन

जमीनी समीकरणों, संगठन की स्थिति और स्थानीय चुनौतियों पर नेताओं के साथ चर्चा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के संगठन को और सक्रिय करने की कवायद शुरू कर दी है। भाजपा प्रभारी स्मृति ईरानी का दो दिवसीय पंचकूला दौरा इसी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रभारी स्मृति ईरानी व सह-प्रभारी डॉ. भोला सिंह ने पंचकूला प्रदेश कार्यालय पंचकमल में दोनों दिन मैराथन बैठक की। इस दौरान मौजूदा पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और विधानसभा चुनाव में पराजित उम्मीदवारों से बातचीत कर उन्होंने पार्टी के जमीनी समीकरणों, संगठन की स्थिति और स्थानीय स्तर पर मौजूद चुनौतियों को जानने की कोशिश की। इस दौरे का प्रमुख संदेश बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का रहा। उनका स्पष्ट संदेश था कि हरियाणा का हर बूथ मजबूत होना चाहिए। भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाई, जबकि कांग्रेस को 37 सीटें मिलीं। इसके बावजूद भाजपा 42 सीटों पर जीत दर्ज नहीं कर सकी। ऐसे में पार्टी के सामने अपनी जीती हुई सीटों पर संगठन को सक्रिय बनाए रखने के साथ उन क्षेत्रों में भी अपनी स्थिति की समीक्षा करने का सवाल है, जहां उसे पिछली बार सफलता नहीं मिली।

ईरानी ने 'पंचकमल' में रात्रि विश्राम किया

तमाम कयासों और इंतजामों के बावजूद, स्मृति ईरानी ने किसी होटल या वीआईपी आवास में रुकने के बजाय पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय 'पंचकमल' में ही बेहद साधारण तरीके से रात्रि विश्राम किया।वह पहले ही दिन तय समय से काफी पहले कार्यालय पहुंच गईं। जब कई पदाधिकारी समय पर नहीं पहुंचे, तो उन्होंने तुरंत व्यवस्था को दुरुस्त करने और समय के पाबंद रहने के कड़े निर्देश दिए। सहप्रभारी के साथ समीक्षा के दौरान जब जिला अध्यक्षों के साथ सुरक्षाकर्मी (गनमैन) देखे, तो उन्होंने तुरंत सवाल उठाया कि जनता के बीच काम करने वालों को ऐसे लवाजमे और सुरक्षा की क्या आवश्यकता है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को दो टूक शब्दों में समझा दिया कि दिखावे की राजनीति से काम नहीं चलेगा।

पार्टी संगठन मजबूत हो और कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण में समर्पित रहें: कैप्टन अभिमन्यु

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं को समाज व राष्ट्रहित में पूरी तरह समर्पित होकर काम करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से उच्चस्तरीय बैठकों में गहन विचार-मंथन किया गया है। चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने बताया कि पार्टी की हरियाणा मामलों की प्रभारी स्मृति ईरानी और सह-प्रभारी के आगमन पर सांगठनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की पारंपरिक कार्यपद्धति है, जिसमें नेता और कार्यकर्ता मिलकर संगठनात्मक, समसामयिक और राजनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच वैचारिक कार्यक्रमों का यह सिलसिला निरंतर जारी रहता है, ताकि संगठन की जड़ें और मजबूत हो सकें।

विकसित भारत के सपने पर जोर

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपना सर्वस्व योगदान दे रहा है। संगठन का निरंतर यह प्रयास रहता है कि हर कार्यकर्ता किसी न किसी रचनात्मक भूमिका में रहकर देश और समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। कोर ग्रुप की बैठक में रहे दिग्गज नेता मौजूद इस दौरान हुई महत्वपूर्ण कोर ग्रुप की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब ने सूरजकुंड दिवाली मेले का शुभारंभ किया, तीन दिन और चलेगा

स्वदेशी उत्पादों को घर-घर पहुंचाएंगे

मेला भारतीय हस्तशिल्प, लोक संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों के खानपान की विविधता को प्रदर्शित करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सूरजकुंड दिवाली मेला आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के संकल्प को साकार करने वाले श्रम साधकों, कारीगरों और कलाकारों को नया बाजार उपलब्ध करवाने का एक सार्थक प्रयास है। इस मेले का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बिना किसी बिचौलिये के सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना और कारीगरों को उनके परिश्रम का उचित लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि जब स्थानीय उत्पादों पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा, तो कारीगरों को नए ग्राहक मिलेंगे और उनके काम को आगे बढ़ाने का उत्साह भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी शुक्रवार को फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में दिवाली मेले के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नायब सिंह सैनी ने मेले में आने वाले सभी आगंतुकों और पर्यटकों का स्वागत करते हुए उन्हें करवा चौथ, अहोई अष्टमी, धनतेरस, दीपावली, विश्वकर्मा पूजन, गोवर्धन पूजन, भाई दूज और छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित यह मेला भारतीय हस्तशिल्प, लोक संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों के खानपान की विविधता को प्रदर्शित करेगा। यहां आने वाले परिवार देश की समृद्ध परंपराओं को करीब से जान सकेंगे और कारीगरों व शिल्पकारों के उत्पादों को खरीदने का अवसर भी प्राप्त करेंगे।

मेहनतकश परिवारों के घर भी रोशन करें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आत्मनिर्भरता और 'वोकल फॉर लोकल' को जनभागीदारी से जोड़ना आवश्यक है। इसमें गांव के कुम्हार, बुनकर, बढ़ई, छोटे दुकानदार और महिला उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सूरजकुंड का दिवाली मेला इसी भागीदारी को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दीपावली की सबसे सुंदर रोशनी वह है, जो हमारे घर के साथ-साथ किसी मेहनतकश परिवार के घर को भी रोशन करे। त्योहारों पर स्थानीय कारीगरों के बनाए उत्पाद खरीदने से उनके परिवारों की आजीविका को सहारा मिलता है। स्थानीय उत्पादों की खरीदारी से कारीगरों को अगला काम शुरू करने की ताकत मिलती है, कच्चा माल खरीदने में मदद मिलती है और उनके साथ काम करने वाले अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी अपनाने का अर्थ अपने देश की प्रतिभा पर विश्वास करना और उसे आगे बढ़ने का अवसर देना है।

पैर काटने जैसी गंभीर स्थिति को गंभीर न मानना असंवेदनशीलता

चंडीगढ़। हरियाणा में निजी अस्पताल में इलाज कराने के कारण सेवानिवृत्त शिक्षक को पूरा चिकित्सा खर्च देने से इनकार करना स्वास्थ्य के अधिकार और मानवीय गरिमा के अनुरूप नहीं है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि किसी मरीज के इलाज को आपातकालीन न मानने भर से चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा खारिज नहीं किया जा सकता। दुर्घटना के बाद पैर में गैंग्रीन होने और उसे काटने की नौबत आने जैसे गंभीर मामले में अधिकारियों को उपचार की जरूरत और देरी से होने वाले खतरे का निष्पक्ष आकलन करना चाहिए। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने यमुनानगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगमल सिंह की याचिका स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को शेष चिकित्सा खर्च तीन महीने के भीतर छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित चुकाने का आदेश दिया। ब्याज याचिका दायर करने की तारीख से देय होगा। सेवानिवृत्त एसएस मास्टर जगमल सिंह के दाएं पैर के निचले हिस्से में दुर्घटना के बाद गैंग्रीन हो गया था। गंभीर चिकित्सा प्रक्रिया के बाद उनका पैर काटना पड़ा।

एमएलए हॉस्टल डिस्पेंसरी में 4डी इमेजिंग की सुविधा शुरू

चंडीगढ़। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित एमएलए हॉस्टल डिस्पेंसरी में 1.20 करोड़ की लागत से स्थापित आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन किया। इन उपकरणों के शुरू होने से डिस्पेंसरी में मरीजों को अत्याधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे ट्राइसिटी के नागरिकों, दो राज्यों के विधायकों और सरकारी कर्मचारियों को एक ही स्थान पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। एमएलए हॉस्टल डिस्पेंसरी में इन नई सुविधाओं के शुरू होने से मरीजों को सामान्य जांच के लिए दूसरे स्वास्थ्य संस्थाओं में जाने और मशीनों की अनुपलब्धता के कारण इंतजार करने की आवश्यकता कम होगी। अब यहां 4डी अल्ट्रासाउंड इमेजिंग, भ्रूण के हृदय की जांच, डिजिटल एक्स-रे, आधुनिक फिजियोथेरेपी और ईसीजी जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

9 माह में 6824 नशा तस्कर गिरफ्तार 19.52 करोड़ की संपत्ति अटैचः रस्तोगी

चंडीगढ़। हरियाणा में नशा तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत जनवरी से सितंबर तक 6,824 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि नशा तस्करी से जुड़ी 19.52 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की गई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई 14वीं राज्य स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) समिति की बैठक में यह जानकारी दी गई। मुख्य सचिव ने नशा तस्करी के मामलों में प्रवर्तन कार्रवाई, अभियोजन को मजबूत करने, वित्तीय जांच और नशा मुक्ति एवं पुनर्वास से संबंधित उपायों की समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण रोडमैप 2026-29 के तहत विभिन्न विभागों की कार्रवाई तथा पिछली राज्य स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई प्रगति की भी समीक्षा की गई। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार ने बताया कि जनवरी से सितंबर 2026 के दौरान अटैच की गई संपत्तियों का मूल्य पिछले वर्ष की इसी अवधि के 5.92 करोड़ रुपये से बढ़कर 19.52 करोड़ रुपये हो गया है।

■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई 14वीं राज्य स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र समिति की बैठक

पुरानी पेंशन के लाभ पर हाईकोर्ट का आदेश, छह सप्ताह में फैसला करें

चंडीगढ़। पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को याचिकाकर्ताओं के दावे पर छह सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ ने कहा कि याचिका को ही विस्तृत प्रतिवेदन मानकर सक्षम प्राधिकारी मामले पर विचार करे। संबंधित कर्मचारियों को सुनवाई का अवसर देने के बाद कारण सहित आदेश पारित किया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि यदि याचिकाकर्ता पुरानी पेंशन योजना के पात्र पाए जाते हैं, तो उन्हें इसका लाभ तत्काल दिया जाए। लीलो देवी और अन्य याचिकाकर्ताओं ने नई पेंशन योजना लागू करने की कार्रवाई को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। उन्होंने हरियाणा सरकार की 28 अक्टूबर 2005 की अधिसूचना का हवाला दिया, जिसके तहत नई अंशदायी पेंशन योजना एक जनवरी 2006 से लागू की गई थी।

11 अधिकारियों का तबादला

गौरव कुमार : नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, ग्रामीण विकास और पंचायत निदेशक, और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाए गए।

प्रधुमन सिंह : प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग , और रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी का सचिव बनाया गया।

राधिका सिंह : सहायक संपदा अधिकारी , पंजीयन एवं लाइसेंसिंग प्राधिकारी, और गृह, पर्यावरण व तकनीकी शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी।

प्रदीप अहलावत : परिवहन निदेशक और राज्य परिवहन प्राधिकरण का सचिव बनाया गया।

अविकेश गुप्ता : नगर निगम का संयुक्त आयुक्त और सूचना प्रौद्योगिकी निदेशक की जिम्मेदारी दी गई।

हिमांशु गुप्ता : शहरी योजना, संपदा, आवास विभाग में संयुक्त सचिव और दक्षिण क्षेत्र का उप-मंडल मजिस्ट्रेट बनाया।

ईशा कंबोज :समाज कल्याण निदेशक, बाल एवं महिला विकास निगम का प्रबंध निदेशक, और स्वास्थ्य व संग्रहालय विभाग में संयुक्त सचिव बनाया

नवीन : संग्रहालय, पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों का निदेशक तथा का मुख्य महाप्रबंधक बनाया

खुशप्रीत कौर : इन्हें उद्योग निदेशक, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक, भूमि अर्जन अधिकारी और मार्केट कमेटी का प्रशासक बनाया गया है।

जगताप कल्याणी राजेंद्र : इन्हें कृषि निदेशक, कृषि जनगणना आयुक्त और पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग का निदेशक बनाया।

डॉ. अतुल निवृत्तीराव ढाकने :केंद्रीय क्षेत्र का उप-मंडल मजिस्ट्रेट, आयुष निदेशक और मेडिकल कॉलेज में संयुक्त निदेशक बनाया गया।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाद्रा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(रों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक नोटिस जारी किया गया था।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 23 नवम्बर 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(रों) के लिये लागू होंगी।

ऋण अकाउंट नम्बर	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा पता
शाखा का नाम : बहादुरगढ़ – फुटवेयर पार्क		आईसीआईसीआई बैंक लि., खसरा नंबर 476/1, मेन दिल्ली-रोहतक रोड, गांव व डा.-सांखोल, बहादुरगढ़ 124507, हरियाणा
545257000021	विरेन्द्र विरेन्द्र	
शाखा का नाम : बरवाला – मेन मार्केट		आईसीआईसीआई बैंक लि., मेन मार्केट, डेराबस्सी रोड, बरवाला, पंचकुला, हरियाणा-134118
396705001290	कमलेश	
शाखा का नाम : भूना		आईसीआईसीआई बैंक लि., निकट बाबा रणधीर मंदिर, निकट मास्टर प्लाजा, वार्ड नंबर 10, भूना, जिला- फतेहाबाद, हरियाणा-125111
383257000126	विनीत विनीत	
शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-31		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नंबर 63, हुडा मार्केट, सेक्टर-31, फरीदाबाद, हरियाणा 121003
488905000168	चेतेन्द्र कुमार	
शाखा का नाम : फरीदाबाद – एनआईटी		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001
102557000396	मनीष शर्मा	
शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-7		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नंबर 43, निर्मल दीप बिल्डिंग, सेक्टर 7, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, फरीदाबाद जिला, हरियाणा-121006
107905003561	रेखा सिंह	
शाखा का नाम : गन्नौर, हरियाणा		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 21, खेवट नंबर 46, खतौनी नंबर 60, देवी लाल चौक, गन्नौर मंडी, सोनीपत जिला, हरियाणा-131100
359257000276	प्रशांत प्रशांत	
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-48		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं.- 2 और 3, बेस्टेक बिजनेस टॉवर, सोहना रोड, सेक्टर-48, गुड़गांव, हरियाणा-122018
418457000043	शोमक लाहिरी	
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-4		आईसीआईसीआई बैंक लि., हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर 4, गुड़गांव, हरियाणा 122001
244857000117	विनीत शर्मा	
शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर		आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 402/451 का भाग, मुरा-95, किला नंबर 105 (2-10), बादशाहपुर, गुरुग्राम, हरियाणा-122101
085857000079	राहुल मोनी	
शाखा का नाम : गुड़गांव – रतनगार्डन		आईसीआईसीआई बैंक लि., रतन गार्डन, न्यू कॉलोनी मोड़, ओल्ड रेलवे रोड, सेक्टर 7, गुड़गांव 122001
106957000228	साथी	
शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-55		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नं. नंबर 93पी, सेक्टर 55, अर्बन एस्टेट, गुरुग्राम, हरियाणा 122002
588657000027	पवन कुमार	
शाखा का नाम : हांसी		आईसीआईसीआई बैंक लि., जींद रोड, जिला हिसार, हांसी, हरियाणा 125033
184457000062	संदीप संदीप	
शाखा का नाम : हिसार-सेक्टर-14		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-10, सेक्टर-14, हिसार, हरियाणा-125001
337757000180	स्वीटी स्वीटी	
337757000188	स्वीटी स्वीटी	
शाखा का नाम : जाखल, हरियाणा		आईसीआईसीआई बैंक लि., 138/9, चंडीगढ़ रोड, जाखल, जिला फतेहाबाद, हरियाणा 125133
356557000331	अमनदीप सिंह	
शाखा का नाम : पंचकूला-सेक्टर-10		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 80, सेक्टर 10, पंचकूला, हरियाणा -134109
556157000008	सुरिन्दर आहूजा	
शाखा का नाम : पंचकूला-सेक्टर-7		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 71, सेक्टर 7, पंचकूला 134109
341405000628	सुमित शर्मा	
341405000623	रूपा रुद	
शाखा का नाम : पंचकूला सेक्टर 2		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 5, सेक्टर 2, अर्बन एस्टेट, पंचकूला, हरियाणा 134112
251157000070	सिंधी राम	
शाखा का नाम : पानीपत		आईसीआईसीआई बैंक लि., जी जी हैंडलूम, मिड टाउन होटल के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत, हरियाणा 132103
017457000297	रिजावन रिजावन	
शाखा का नाम : पेहोवा		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नंबर 403 405, वार्ड नंबर 5, न्यू कैथल रोड, पेहोवा 136128
073057000282	हरिन्दर कौर	
शाखा का नाम : पुण्डरी		आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 122, खतौनी नंबर 1283, किला-233/19/2 और 827-1284-1285, फतेहपुर, पुंडरी रोड, निकट हुडा मार्केट, जिला कैथल, पुंडरी, हरियाणा - 136026
376005001918	मोहित कुमार	
शाखा का नाम : रोहतक-औद्योगिक क्षेत्र		आईसीआईसीआई बैंक लि., आशियाना कॉम्प्लेक्स, एलपीएस प्लांट-2 के साथ लगता, इंडस्ट्रियल एरिया, हिसार रोड, रोहतक, हरियाणा 124001
342257000139	रेखा देवी	
शाखा का नाम : सफीदो		आईसीआईसीआई बैंक लि., शक्ति कॉम्प्लेक्स, रेलवे रोड, सफीदों, जिला जींद, हरियाणा 126112
282757000072	सुरेश कुमार	
शाखा का नाम : समालखा		आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 1164, पडाव मोहल्ला, जी.टी. रोड, समालखा, जिला पानीपत, हरियाणा-132101
204805002849	गंगा सिंह हंसपाल	
204857000427	गंगा सिंह हंसपाल	
204857000399	सुक्रित बंसल	
शाखा का नाम : शाहाबाद		आईसीआईसीआई बैंक लि., लाडवा रोड, अनाज मंडी के पास, शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा 136135
073162003839	गुरमैल सिंह	
शाखा का नाम : सोनीपत-एल्डेको		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 16-17, एल्डेको काउंटी, सेक्टर 19, मेन जी.टी. रोड, सोनीपत, हरियाणा 131001
546105000101	धरमराज मोर	
546157000026	सविता सविता	
शाखा का नाम : सोनीपत-सिक्का कॉलोनी		आईसीआईसीआई बैंक लि., लूथरा हाउस, दिल्ली रोड, सिक्का कॉलोनी, सोनीपत 131001
662357015163	धरमराज मोर	
शाखा का नाम : तोशाम		आईसीआईसीआई बैंक लि., फौजी मार्केट, निकट बीएसएनएल एक्सचेंज, सिवानी रोड, तोशाम, जिला-भिवानी, हरियाणा-127040
419062000570	सनिता सनिता	
419057000063	अनिल कुमार	
शाखा का नाम : यमुनानगर		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी बी1 1269/5, गोबिंदपुरी रोड, निकट जे के रेजीडेंसी, यमुनानगर - 135001
024705005971	क्षितीज मेहता	
शाखा का नाम : दिल्ली-ओखला फेज-3		आईसीआईसीआई बैंक लि., 254, ओखला फेज 3, नई दिल्ली 110020
182057000098	तुषार कुमार नागर	
182057000101	तुषार कुमार नागर	
शाखा का नाम : डेराबस्सी		आईसीआईसीआई बैंक लि., बडवाल कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़-अम्बाला हाईवे, डेराबस्सी, पंजाब-140507
096757000214	रिचा शर्मा	
शाखा का नाम : हापुड़		आईसीआईसीआई बैंक लि., 1078, त्रिवेणी गुंज, गढ़-दिल्ली रोड, हापुड, उत्तर प्रदेश 245101
245857000226	प्रशांत प्रशांत	
245857000232	प्रशांत प्रशांत	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – ग्रीन पार्क		आईसीआईसीआई बैंक लि., एस 26, 27, 28, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, उपहार सिनेमा के पास, नई दिल्ली-110016
007157000452	सरला देवी	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – मोहन कोऑपरेटिव इंड. एस्टेट		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी1/11, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-110044
135757000232	तुषार कुमार नागर	
शाखा का नाम : नई दिल्ली – ओखला पीएच-1		आईसीआईसीआई बैंक लि., ए194, ओखला फेज1, नई दिल्ली-110020
071657000138	तुषार कुमार नागर	

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 24.10.2026
स्थान : गुरूग्राम, भिवानी, हिसार, करनाल, रोहतक, सोनीपत, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, झज्जर, फतेहाबाद, यमुनानगर, जीन्द, कैथल, हांसी

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

उत्तर रेलवे

(ई-नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/सामान्य, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर खानपान इकाईयों हेतु सामान्य लघु इकाइयों (GMU) और विशेष लघु इकाइयों (SMU) के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (https://ireps.gov.in) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	नीलामी कैटलॉग संख्या	ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय	रेलवे स्टेशन	लॉट संख्या	इकाई का प्रकार
1	CTG-OCT-03-26	09.11.2026 को 11:00 बजे	मोदीनगर	Catg-DLI-MDNR-GMU-125-25-1	सामान्य लघु इकाई (GMU)
2			घडी हरसरू	Catg-DLI-GHH-GMU-99-25-1	
3			मानसा	Catg-DLI-MSZ-GMU-138-25-1	
4			बेहता हाजीपुर	Catg-DLI-BHHZ-GMU-157-25-1	
5				Catg-DLI-BHHZ-GMU-90-25-1	
6			खेकड़ा	Catg-DLI-KEX-GMU-105-25-1	
7			गन्नौर	Catg-DLI-GNU-GMU-146-25-1	
8				Catg-DLI-GNU-GMU-133-25-1	
9			खतौली	Catg-DLI-KAT-GMU-103-25-1	
10				Catg-DLI-KAT-GMU-129-25-1	
11			मंगोलपुरी	Catg-DLI-MGLP-GMU-108-25-1	
12			जुलाना	Catg-DLI-JNA-GMU-98-25-1	
13			असोती	Catg-DLI-AST-GMU-148-25-1	
14				Catg-DLI-AST-GMU-100-25-1	
15			होलंबी कलां	Catg-DLI-HUK-GMU-114-25-1	
16			बरेटा	Catg-DLI-BRZ-GMU-88-25-1	
17			फखरपुर	Catg-DLI-FAP-GMU-95-25-1	
18			मौर	Catg-DLI-MAUR-GMU-151-25-1	
19			गोत्रा हाल्ट	Catg-DLI-GTRA-GMU-158-25-1	
20			खलीलपुर	Catg-DLI-KIP-GMU-92-25-1	
21			घरौंदा	Catg-DLI-GRA-GMU-97-25-1	
1	CTG-OCT-04-26	10.11.2026 को 11:00 बजे	समालखा	Catg-DLI-SMK-GMU-87-25-1	सामान्य लघु इकाई (GMU)
2			तुगलकाबाद	Catg-DLI-TKD-GMU-169-25-1	
3			सांपला	Catg-DLI-SPZ-GMU-150-25-1	
4			मोहिउद्दीनपुर	Catg-DLI-MUZ-GMU-154-25-1	
5			मंडावली चन्देर विहार हाल्ट	Catg-DLI-MWC-GMU-113-25-1	
6			सुजरा हाल्ट	Catg-DLI-SUJR-GMU-112-25-1	
7			ताज नगर	Catg-DLI-TNJR-GMU-176-25-1	
8			सुनेहरा	Catg-DLI-SFA-GMU-107-25-1	
9			विवेक विहार	Catg-DLI-VVB-GMU-109-25-1	
10			शाहबाद मारकंडा	Catg-DLI-SHDM-GMU-131-25-1	
11			राथधना	Catg-DLI-RDDE-GMU-155-25-1	
12			मुरादनगर	Catg-DLI-MUD-GMU-91-25-1	
13				Catg-DLI-MUD-GMU-128-25-1	
14			उचाना	Catg-DLI-UCA-GMU-110-25-1	
15			परतापुर	Catg-DLI-PRTP-GMU-156-25-1	
16			नया गाज़ियाबाद	Catg-DLI-GZN-GMU-132-25-1	
17			दया बस्ती	Catg-DLI-DBSI-SMU-116-25-1	विशेष लघु इकाई (SMU)
18			दिल्ली आजादपुर	Catg-DLI-DAZ-SMU-122-25-1	
19			पलवल	Catg-DLI-PWL-SMU-166-25-1	

वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)

आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:

- ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता।
- एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; IREPS खाते के साथ SBI बैंक खाते का एकीकरण; निधियों का ग्रहणाधिकार अंकन; टर्नओवर विवरण का अद्यतनीकरण।
- ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (VAN) नाम से एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- बोलीदाता, किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय है) और VAN तंत्र के बीच स्विच करने के लिए स्वत

खबर संक्षेप

बहू की गोली मारकर हत्या करने वाले ससुर को उम्रकैद

करनाल। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार शर्मा की अदालत ने पांच साल पुराने हत्या के मामले में डबरी गांव के महेंद्र सिंह को उम्रकैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। पुलिस ने जून 2021 में महेंद्र सिंह के बेटे अमरजीत सिंह के बयान पर मामला दर्ज किया था। अमरजीत ने आरोप लगाया था कि खेत की जमीन के ठेके की राशि में हिस्सा मांगने को लेकर हुए विवाद में महेंद्र सिंह ने उसकी पत्नी कुलविंदर कौर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। डिप्टी डीए सचिन कुमार की पैरवी के बाद अदालत ने महेंद्र सिंह को आईपीसी की धारा 302 के तहत उम्रकैद व 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। धारा 323 के तहत छह महीने की सजा तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत सात साल की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

कार से 24 हजार नशीले कैप्सूल बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

पलवल। उटावड-होडल रोड पर एवीटी टीम ने एक कार से 24 हजार प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल जब्त किए हैं। पुलिस ने पुन्हाना के सिरौली गांव निवासी नशा तस्कर इरफान को मौके से पकड़ा। उटावड थाने में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। एवीटी हथीन टीम के एएसआई पवन कुमार 23 अक्टूबर की सुबह गश्त पर थे। उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि इरफान सफेद कार में नशीले कैप्सूल लेकर सप्लाई करने आ रहा है। पुलिस ने उटावड-होडल रोड पर नाकाबंदी कर कार को रोका। तलाशी में पिछली सीट पर रखी पेटी से कई ब्रांड के नशीले कैप्सूल के 100 पैकेट मिले। कुल 24 हजार कैप्सूल जब्त हुए।

ट्रेन में झगड़ा, स्टेशन पर चाकू घोंप आईटीआई छात्र की हत्या

- सालासर धाम से सिरसा लौट रहे थे युवक, ट्रेन में बाजा बजाने पर आरोपियों से हुआ झगड़ा
- हिसार स्टेशन पर आरोपियों ने अपने अन्य साथी बुलाए, 3 युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सालासर धाम के दर्शन कर लौट रहे सिरसा जिले के गांव जोधका के युवकों पर शुक्रवार शाम हिसार रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज पर 10-15 हमलावरों ने अचानक चाकू और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस वारदात में छाती में गहरा चाकू लगने से 18 वर्षीय कर्ण गोस्वामी की मौत हो गई, जबकि उसके तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल युवक हर्ष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव के 25 युवक 18 अक्टूबर को सालासर के लिए पैदल रवाना हुए थे और 22 अक्टूबर को वहां पहुंचे थे। शुक्रवार को सालासर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद वे हिसार के रास्ते सिरसा जाने के लिए ट्रेन में बैठे। सफर के दौरान सिवानी के पास 4-5 लोग ट्रेन में पिपनी बजाकर शोर मचा रहे थे। एक महिला यात्री द्वारा विरोध करने पर वे उससे बहस करने लगे। जब हर्ष और उनके साथियों ने महिला का पक्ष लेते हुए शोर न मचाने को कहा तो आरोपी युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और धमकी दी कि हिसार चलो, तुम्हें मजा चखाएंगे।

हर्ष के अनुसार, शाम करीब 5:40 बजे जब ट्रेन हिसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर रुकी तो वे लोग ओवरब्रिज के रास्ते प्लेटफॉर्म नंबर-4 की तरफ जाने लगे। जैसे ही वे ऊपर चढ़े तो ट्रेन में विवाद करने वाले युवकों के साथ 8-10 अन्य हमलावर भी वहां मौजूद थे, जिन्हें उन्होंने फोन कर पहले ही बुला लिया था। हमलावरों ने ओवरब्रिज पर ही उन पर धावा बोल दिया। जब वे भागने लगे तो हमलावरों ने खदेड़ कर उन पर ताबड़तोड़ चाकू से वार किए। इस दौरान आईटीआई के छात्र 18 वर्षीय कर्ण गोस्वामी की छाती में दाईं तरफ गहरा चाकू घोंप दिया गया। बीच-बचाव करने आए उसके साथी शुभम, मोनू और राहुल भी गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। तीनों घायल 11वीं कक्षा के छात्र हैं।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई में एसीबी ने पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा

10 महीने में कसा शिकंजा, रिकॉर्ड 171 ट्रैप लगा रिश्वतखोरों को रंगेहाथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वतखोरों पर कार्रवाई में पिछले 10 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वर्ष 2026 में ब्यूरो ने 21 अक्टूबर तक कुल 171 ट्रैप केस दर्ज किए हैं, जो वर्ष 2016 से अब तक किसी भी एक वर्ष में दर्ज ट्रैप केसों की सर्वाधिक संख्या है। वर्ष 2022 में दर्ज 170 ट्रैप केसों का पिछला रिकॉर्ड भी इस वर्ष पीछे छूट गया है।

ब्यूरो द्वारा 1 जनवरी से 30 सितंबर 2026 तक विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 191 आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें से 155 ट्रैप केसों में 16 राजपत्रित अधिकारियों, 131 अराजपत्रित कर्मचारियों तथा 25 निजी व्यक्तियों सहित कुल 172 आरोपियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों के विरुद्ध मामले दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। वर्ष 2026 के दौरान 30 सितंबर तक ब्यूरो ने 88 नई जांच दर्ज कीं। वहीं, 15 सितंबर तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 61 जांच पूरी की गईं। इन पूर्ण जांचों में से 16 जांचों के आधार पर 74 राजपत्रित अधिकारियों और 20 अराजपत्रित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की गई। इसके अतिरिक्त, 10 जांचों में 7 राजपत्रित अधिकारियों, 16 अराजपत्रित कर्मचारियों तथा 40 निजी व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गई।

21 मामलों में 26 आरोपियों को कठोर कारावास की सजा

1 जनवरी से 30 सितंबर 2026 तक की अवधि के दौरान ब्यूरो द्वारा दर्ज 21 आपराधिक मामलों में 23 अधिकारियों/कर्मचारियों तथा 3 निजी व्यक्तियों सहित कुल 26 आरोपियों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। दोषसिद्ध अधिकारियों एवं कर्मचारियों में विद्युत विभाग के 5, पुलिस विभाग के 6, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के 1, सिंचाई विभाग के 2, शिक्षा विभाग के 2, आबकारी एवं कराधान विभाग के 2, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के 2, स्किल डेवलपमेंट विभाग के 1, हरियाणा वेयरहाउस के 1 तथा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम के 1 अधिकारी/कर्मचारी शामिल हैं।

लोगों को जानबूझकर चक्कर कटवाने वाले रडार पर

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के प्रमुख डॉ. एएस चावला ने भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जो अधिकारी या कर्मचारी बिना रिश्वत लिए आमजन का जायज काम नहीं करते, लोगों को जानबूझकर कार्यालयों के चक्कर कटवाते हैं और अपने पद का दुरुपयोग कर उन्हें परेशान करते हैं, वे यह गलतफहमी निकाल दें कि वे कानून की पकड़ से बाहर हैं। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी एसीबी के रडार पर हैं।

7 हजार रिश्वत लेते जीएसटी अधिकारी पकड़ी

चंडीगढ़/गुरुग्राम। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की गुरुग्राम यूनिट ने जीएसटी नंबर जारी करने के बदले 7 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में



जीएसटी इंस्पेक्टर श्रुति रानी को गिरफ्तार किया है। शिकायत मिलने के बाद एसीबी गुरुग्राम की टीम ने नियमानुसार ट्रैप लगाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी जीएसटी इंस्पेक्टर को 7 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। यह ट्रैप कार्रवाई एसीबी गुरुग्राम यूनिट के नेतृत्व में की गई। ट्रैप के दौरान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 105 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी सरकारी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत एसीबी को दें। भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1064 अथवा 1800-180-2022 पर दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94178-91064 पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

नगर निगम का सहायक 20 हजार लेते पकड़ा



करनाल। विजिलेंस की टीम ने नगर निगम के एक सहायक को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राम सिंह के रूप में हुई है। आरोप है कि एक दुकान की सेल डीड यानी मालिकाना दस्तावेज ट्रांसफर करवाने के बदले आरोपी ने शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने दुकान की सेल डीड ट्रांसफर करवाने के लिए नगर निगम के सहायक राम सिंह से संपर्क किया था। आरोप है कि इसी काम के बदले 20 हजार रुपये मांगे गए। आरोपी ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम लेकर जिला सचिवालय परिसर में बुलाया था। एसीबी टीम पहले से वहां निगरानी कर रही थी। जैसे ही राम सिंह ने शिकायतकर्ता से रकम ली, विजिलेंस टीम ने उसे रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।



नहर में कूदी महिला, पुलिस ने एक किमी तलाश कर बचाया

- करनाल में डायल 112 पर महिला के नहर में कूदने की मिली थी सूचना, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर पानी से बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

काछवा नहर पुल के पास नहर में कूदी एक महिला की जान बचाने के लिए डायल-112 की टीम ने करीब एक किलोमीटर तक नहर की पटरी-पटरी पैदल चलकर तलाश की। महिला कैथल पुल के नजदीक जीवित मिली, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे नहर से सुरक्षित बाहर निकालकर कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की इस तत्परता से महिला की जान बच गई। थाना रामनगर क्षेत्र के अंतर्गत काछवा नहर पुल के पास महिला के नहर में कूदने की सूचना डायल-112 पर मिली थी। सूचना मिलते ही ईआरवी इंचार्ज उप निरीक्षक दिलबाग सिंह के नेतृत्व में ईआरवी-429 टीम मौके पर पहुंची। महिला के वहां पानी में तत्काल दिखाई नहीं देने पर पुलिसकर्मियों ने नहर की पटरी के साथ चलकर तलाश करनी शुरू कर दी। करीब एक किलोमीटर तक पुलिस टीम ने महिला की पैदल खोजबीन की।

लगातार तलाश के बाद महिला कैथल पुल के नजदीक नहर में जीवित मिली। पुलिस टीम ने समय गंवाए बिना उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने कहा कि जिला पुलिस कानून-व्यवस्था के साथ-साथ संकट के समय लोगों की सहायता और जीवन की रक्षा के लिए भी तत्पर है। उन्होंने जान बचाने वाली टीम की सराहना की।

सेनेटरी कारोबारी से मांगी तीन करोड़ रुपये की चौथ



चौथ मांगने पर एसपी से मिलने पहुंचे व्यापारी।

- एक सप्ताह में दो बार किया चौथ के लिए फोन, खुद को रोहतक का सुरेंद्र काला बताया

हरिभूमि न्यूज. जींद

जींद में सेनेटरी कारोबारी से तीन करोड़ की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। 10 से 17 अक्टूबर तक दो बार व्हाट्सएप कॉल की और ऑडियो रिकार्डिंग भेज कर चौथ नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी के बाद कारोबारी ने 10 अक्टूबर की रात ही रोहतक रोड पुलिस चौकी को शिकायत दी थी। इसी मामले में शुक्रवार को व्यापारी एसपी उपासना से मिले। व्यापारी इससे पहले 12 अक्टूबर को तत्कालीन एसपी कुलदीप से मिलकर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। धमकी को देखते हुए पुलिस ने कारोबारी को दो गनमैन की सुरक्षा दी है।

जींद निवासी आकाश गर्ग उर्फ सोनू गर्ग ने बताया कि आरोपी ने पहले 10 अक्टूबर को व्हाट्सएप कॉल की। पांच मिनट में चार कॉल की। जब फोन नहीं उठाया तो कुछ समय बाद ऑडियो कॉल की। 17 अक्टूबर को 6:30 से 6:40 तक चार व्हाट्सएप कॉल की। फोन नहीं उठाने पर दो ऑडियो कॉल भेजी। ऑडियो में कहा कि- सोनू गर्ग साहब के हाल तेरा, तन्नै पुलिस गार्द बिठा ली अपने घरां, ओमप्रकाश है, तेरी पूरी डिटेल है, तू काली पेंट पहन रहा था। जेब वाली लोवर पहन रहा था। कदे दुनिया दिवाली मनावै और तेरे घरां रोवा राहट माची रहवै। ओमप्रकाश तो वैसे भी सुस्त है, तेरे ढूंगे पर पिस्तौल टंगी टंगाई रह जाएगी। काम तो पैसे दिए ही चलेगा। व्यापार मंडल प्रधान महावीर कंप्यूटर ने कहा कि एसपी ने उन्हें सुरक्षा का पूरा भरोसा दिया है।

स्कूल की प्रार्थना सभा में शिक्षकों में मारपीट

जातिगत टिप्पणी : छात्राओं के बयानों पर पॉक्सो में केस, डंडा लेकर आया शिक्षक जेल भेजा

- कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ने पर करवाया था अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/टोहाना

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टोहाना में दो शिक्षकों के बीच विवाद और मारपीट से शुरू हुआ मामला अब पॉक्सो एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है। प्रार्थना सभा के दौरान कथित जातिगत टिप्पणियों को लेकर शुरू हुए विवाद, छात्राओं की तबीयत बिगड़ने और उनके बयान दर्ज होने के बाद पुलिस ने केमिस्ट्री शिक्षक अनूप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार सुबह शिक्षक के कथित तौर पर डंडा लेकर दोबारा विद्यालय पहुंचने की सूचना पर डायल-112 की टीम ने आकर उसे हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मामले की शुरुआत वीरवार को विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान हुई। इस दौरान जाति से संबंधित कथित टिप्पणियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया। इसी बात को लेकर केमिस्ट्री शिक्षक अनूप कुमार और एक अन्य शिक्षक के बीच कहासुनी शुरू हुई। दोनों शिक्षकों के बीच मारपीट भी हुई। हंगामा देखकर वहां मौजूद कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने छात्राओं के बयानों के आधार पर शिक्षक अनूप कुमार के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

शुक्रवार सुबह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया। आरोप है कि शिक्षक अनूप कुमार डंडा लेकर विद्यालय पहुंच गया। तनाव को देखते हुए इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम विद्यालय पहुंची और शिक्षक को हिरासत में लेकर थाने पहुंची।

पलवल में पंजाबी बिरादरी ने सामाजिक कुरीतियों पर की चर्चा , लिए अहम फैसले

मृत्यु भोज में ढेरों पकवान पर रोक लगे, सादा खाना भी केवल दूर के रिश्तेदारों के लिए बने

- शादियों में फिजूलखर्ची रोकने और नशे के खिलाफ भी की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

पंजाबी समाज की अहम पंचायत ने मृत्यु भोज और शादियों में फिजूलखर्ची जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने का फैसला लिया है। समाजसेवी नरेश गांधी और पंजाबी सभा अध्यक्ष देवी दयाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि मृत्यु भोज में केवल दूर के रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों के लिए सादा भोजन होगा, जबकि समाज के लोग इसमें शामिल नहीं होंगे।



पलवल। समाज की बैठक में कुरीतियों पर चर्चा करते लोग।

शराब, डीजे व प्री-वेडिंग शूट से भी बढ़ा खर्चा

शादियों में शराब, डीजे और दिखावे पर होने वाले खर्च को कम करने पर भी जोर दिया गया। पंचायत ने युवाओं में बढ़ते नशे और जुए पर चिंता जताते हुए कुरीतियों पर रोक लगाने के लिए कमेटी गठित की है। समाज के लोग कमेटी को लिखित सुझाव दे सकेंगे। पंचायत में मंच संचालन राजकुमार भाटिया ने किया। इसमें मृत्यु भोज समेत अन्य कुरीतियों को खत्म करने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा, दिखावे से पुराने रीति-रिवाज कुरीतियों में बदल गए हैं। मृत्यु भोज में स्थानीय लोगों को बुलाकर कई पकवान बनते हैं, जबकि पहले सादा खाना होता था। शादियों में शराब, डीजे, प्री-वेडिंग शूट और दिखावे से खर्च बढ़ा है। वहीं, पंचायत में नशाखोरी, जुआ और युवाओं के भटकाव पर चिंता जताई गई।

फंदा लगाने से दिल्ली पुलिस के एएसआई की मौत

बहादुरगढ़। गांव भापड़ोदा में दिल्ली पुलिस के एएसआई का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान करीब 57 वर्षीय नरेंद्र के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, भापड़ोदा के निवासी नरेंद्र दिल्ली पुलिस में एएसआई थे। वीरवार की शाम को उनका शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, मानसिक परेशानी के चलते नरेंद्र द्वारा यह कदम उठाए जाने की आशंका है।



कंपनी परिणाम

जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ तीन गुना से अधिक

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्टील का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 5,359 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1,646 करोड़ रुपये रहा था। जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 54,927 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 45,436 करोड़ रुपये थी।

हैवेल्स के लाभ में 9.7 प्रतिशत का इजाफा



नई दिल्ली। बल्ब, ट्यूब, पंखे जैसे उपभोक्ता बिजली सामान बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 9.72 प्रतिशत बढ़कर 349.22 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। हैवेल्स इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 318.28 करोड़ रुपये था।

मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए

गहरे समुद्र में तेल-गैस खोज का जोखिम घटाएगी सरकार, लागत का 50 प्रतिशत तक देगी मदद

सरकार 'समुद्र मंथन' योजना के तहत 84,084 करोड़ की सहायता देगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार 84,084 करोड़ रुपये की 'समुद्र मंथन' योजना के तहत गहरे समुद्र में तेल एवं गैस की खोज के जोखिम को कम करने के लिए कंपनियों को वित्तीय सहायता देगी। इसके तहत 56 खोजी कुओं की लागत का 50 प्रतिशत तक और चार भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले कुओं की लागत का पूरा खर्च निर्धारित सीमा के भीतर सरकार उठाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। इसका उद्देश्य गहरे समुद्र में तेल और गैस की खोज को प्रोत्साहन देना और आयातित

योजना के तहत 56 खोजी कुओं की 50 फीसदी लागत सरकार उठाएगी

60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकेंगे

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने दिशानिर्देशों की प्रस्तावना में 'समुद्र मंथन' योजना को हाल के वर्षों में तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन के क्षेत्र में 'सबसे महत्वाकांक्षी पहल' बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारत के तेल एवं गैस भंडार में 60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकते हैं।



सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपये प्रति कुआं देगी सहायता

दिशानिर्देशों के तहत, 56 खोजी कुओं के लिए सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपये प्रति कुआं और भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले चार कुओं के लिए 1,350 करोड़ रुपये प्रति कुआं तक सहायता देगी। इन चार कुओं के लिए सहायता केवल सरकारी कंपनियां या उनके नेतृत्व वाले गठजोड़ हासिल कर सकेंगे।

वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी

योजना के तहत 400 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को गहरे समुद्र और 1,500 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को अति गहरे समुद्र की श्रेणी में रखा गया है। वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी। कुएं की स्वीकृत गहराई का 40 प्रतिशत काम पूरा होने पर मंजूर राशि का 40 प्रतिशत और कुएं की खुदाई पूरी होने तथा रिपोर्ट मंजूर होने के बाद शेष 60 प्रतिशत दिया जाएगा।

सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को उठाना होगा

सरकारी मदद की वसूली वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के सात साल बाद या जब कंपनी खोज और विकास लागत का 50 प्रतिशत वसूल कर लेगी, इनमें से जो पहले होगा, तब शुरू होगी। हालांकि, निर्धारित सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को स्वयं उठाना होगा। समुद्र मंथन योजना के तहत साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाएगी।

शुरूआत में महानदी बेसिन पर होगा ध्यान

इसका उद्देश्य छोटे या ऐसे तेल-गैस भंडारों को उत्पादन व्यवस्था से जोड़ना है, जिनका अकेले दोहन आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं है। इसमें समुद्र के भीतर पाइपलाइन, प्रसंस्करण मंच और साझा उत्पादन इकाइयां शामिल हैं। साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए शुरुआत में महानदी बेसिन पर ध्यान दिया जाएगा, जबकि कच्छ बेसिन के लिए सांकेतिक राशि का प्रावधान है।

तेल-गैस के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना

इन परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंत्री की मंजूरी से पहले सार्वजनिक निवेश बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। इसके अलावा, तेल एवं गैस क्षेत्र के विनिर्माण और सेवा उद्योगों के लिए साझा सुविधाओं वाले औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की भी योजना है। दिशानिर्देशों के मुताबिक, यह योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक चलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 तैयारी का वर्ष होगा, जबकि 2027-28 से 2030-31 तक इसका पहला चरण लागू किया जाएगा।

सेंसेक्स 126, निफ्टी 88 अंक फिसला

कच्चे तेल की तेजी से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच जाने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 126 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 88 अंक नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के मुताबिक, कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चौतरफा बिकवाली और महंगाई से कंपनियों के मुनाफे पर पड़ने वाले असर की चिंता ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 125.56 अंक टूटकर 73,123.83 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 797.02 अंक तक गिरकर 72,452.37 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 87.65 अंक के साथ 22,600 अंक पर बंद हुआ। ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा, "वैश्विक ऊर्जा बाजार में आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने चुनिंदा आईटी शेयरों में खरीदारी के बावजूद बाजार की धारणा कमजोर रखी। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई, रुपये और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव की चिंता बढ़ी है।

टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स में गिरावट

सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में टाटा स्टील और अदाणी पोर्ट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इनके साथ ट्रेंट, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी नुकसान में रहे।

रिलायंस और टीसीएस में रही तेजी

दूसरी ओर, इटर्नल, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में तेजी रही।

इंफोसिस का लाभ 6.2% बढ़कर 7823 करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.2 प्रतिशत बढ़कर 7,823 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,364 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 49,244 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 44,490 करोड़ रुपये था। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा कि कंपनी को आलोच्य तिमाही में 5.2 अरब डॉलर के बड़े अनुबंध मिले, जिनमें दो अरब डॉलर से अधिक का एक बड़ा सौदा भी शामिल है। कंपनी के कुल राजस्व में कृत्रिम मेधा (एआई) कारोबार की हिस्सेदारी 10.5 प्रतिशत रही और इसमें एक तिमाही पहले की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनियों में बड़े पैमाने पर एआई अपनाने की प्रक्रिया के बीच इस कारोबार में वृद्धि कंपनी की बाजार स्थिति और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाती है।"

20 हजार नए स्नातकों की भर्ती का लक्ष्य

पारेख ने बताया कि बीती तिमाही में कंपनी के कर्मचारियों की शुद्ध संख्या में 4,000 की वृद्धि हुई। इस दौरान उसने कॉलेजों से 8,000 नए स्नातकों की भर्ती की। कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष में करीब 20,000 नए स्नातकों की भर्ती का लक्ष्य रखा है। इस बीच, कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 26 रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित किया है, जो पिछले साल की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज का लाभ 62 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 62 प्रतिशत घटकर 154.15 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 405.08 करोड़ रुपये था। शेयर बाजार को शुक्रवार को दी सूचना के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,571.73 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,950.05 करोड़ रुपये थी। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है।

हरियाणा सरकार — **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम सोनीपत	एम.सी. सोनीपत में पांच वर्षीय वारंटी सहित एलईडी स्ट्रीट लाइट्स की आपूर्ति और स्थापना।	बंद होने की तिथि 30.10.2026	57,62,000/-	https://etenders.hry.nic.in	1302260100 xenhnotmcs@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50481/1/88/6 दि. 23.10.26

न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनसिल)
NewSpace India Ltd. (NSIL)
(अंतरिक्ष विभाग के अधीन एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम)
(A Central Public Sector Enterprise under Department of Space)
इसरो मुख्यालय परिसर, न्यू बीईएल रोड, बेंगलूरु-560 094
ISRO Headquarters Campus, New BEL Road, Bengaluru-560 094
Website:www.nsilindia.co.in

विज्ञापन / Advertisement सं/No. NSIL/2026/01 दिनांक/dated 23.10.2026

अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक अनुसूची 'ए' सी.पी.एस.ई., मेसर्स न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनसिल) को मार्च 2019 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के केंद्रों और अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) की संघटक यूनिटों द्वारा किए गए अनुसंधान और विकास का व्यावसायिक रूप से उपयोग करने के उद्देश्य से निगमित किया गया था।

M/s.NewSpace India Ltd. (NSIL), a Schedule 'A' CPSE under the administrative control of the Department of Space (DOS), was incorporated in March 2019 with an objective of commercially exploiting the research and development carried out by Indian Space Research Organisation (ISRO) Centers and constituent units of Department of Space (DOS).

न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL), बेंगलूरु में निम्नलिखित पद के लिए नियमित आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:
Applications are invited for the following post in NewSpace India Limited (NSIL), Bengaluru on REGULAR basis:

पद का नाम/Post Name	श्रेणी Grade	आईडीए पैटर्न के अनुसार वेतनमान Pay Scale as per IDA Pattern
मुख्य प्रबंधक /Chief Manager लेखा एवं वित्त/Accounts & Finance	E/E5	Rs.80,000-2,20,000

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि / The last date for receipt of application is 25.11.2026
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.nsilindia.co.in पर ''करियर'' लिंक पर जाएं।
For details, visit the website www.nsilindia.co.in under the link "Careers."
इस विज्ञापन से संबंधित कोई अनुशेष/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। Addendum/corrigendum to this Advertisement, if any will be published only in the above website.
CBC 49120/11/0005/2627

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर 2 घंटे में समाधान



प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि। स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने नियमों में बदलाव का किया ड्राफ्ट तैयार

ड्राइविंग लाइसेंस में नाम-पता बदलने का शुल्क होगा खत्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ड्राइविंग लाइसेंस में नाम और पता बदलवाने पर लगने वाला शुल्क जल्द ही खत्म हो सकता है। इसके साथ, लाइसेंस पर चालक का 'ब्लड ग्रुप', मोबाइल नंबर और आपातकालीन संपर्क नंबर दर्ज करना भी अनिवार्य करने की तैयारी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने लाइसेंस संबंधी नियमों के मसौदे में इन बदलावों का प्रस्ताव रखा है। मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए यह मसौदा जारी किया है। मंत्रालय ने भारतीय और विदेशी नागरिकों को जारी होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अलग-अलग रंग योजना रखने का भी प्रस्ताव किया है।

15 दिनों के भीतर करना होगा फैसला

मसौदे के अनुसार, लाइसेंस में नाम और पते जैसे व्यक्तिगत विवरण बदलने के आवेदनों पर लाइसेंसिंग प्राधिकरणों को 15 दिन के भीतर फैसला करना होगा। आवेदन खारिज करने की स्थिति में उन्हें इसकी वजह भी बतानी होगी।

उम्र व पते के लिए शपथ पत्र होगा स्वीकार

मसौदे में उम्र और पते के प्रमाण के तौर पर शपथपत्र और जीवन बीमा पॉलिसी स्वीकार करने का भी प्रस्ताव है। इसके अलावा, आधार सत्यापन के जरिये पूरी की जाने वाली कुछ ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं के लिए शुल्क में छूट देने की भी योजना है।

देश के उभरते उद्योग नई नौकरियां पैदा करने तैयार

नई दिल्ली। देश के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र 2030 तक 35 करोड़ से अधिक नई नौकरियां पैदा कर सकते हैं। विभिन्न कौशल परिषदों और उद्योग संगठनों के ताजा अनुमान में यह कहा गया है। इंडिया डायडैक्टिक्स एसोसिएशन (आईडीए) ने एक बयान में कहा कि रोजगार की इस क्षमता में वृद्धि के साथ ही त्वरित कौशल विकास, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग तथा शिक्षा जगत के बीच मजबूत सहयोग की तत्काल आवश्यकता है। ऑटोमोटिव क्षेत्र 2030 तक 20-25 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां जोड़ सकता है। लॉजिस्टिक क्षेत्र में इस दौरान 47 लाख अतिरिक्त कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होगी, जबकि दूरसंचार क्षेत्र में 10 लाख नए पदों के सृजन का अनुमान है।

न्यायालय श्री हेमन्त कुमार तहसीलदार एवं सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी / द्वितीय श्रेणी, गोहाना।
केस नं. : 821/NI तिथि दायरा : 31.08.2026
तिथि पेशी : 28.10.26 किस्म मुकदमा : तकसीम
मौजा : कटवाल

अनुमान :-
पवन कुमार — पक्ष-अव्वल
बनाम
अनील आदि।

1. सुखबीर सिंह पुत्र जागेराम पुत्र शेर सिंह 2. दलबीर सिंह पुत्र जागेराम पुत्र शेर सिंह निवासीगण गाँव कटवाल तह. गोहाना, जिला सोनीपत। खेवट नं. 77//67 खाता नं. 77, रकबा 89 कनाल 9 मरला मौजा कटवाल।

पक्ष-दोयमगण

नोटिस बनाम फरीक दोयमगण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त केस अनुमान इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो फरीक दोयम का दुरुस्त पता ना होने के कारण फरीक अव्वल के वकील द्वारा अखबारी प्रकाशन किया जाना है। इसलिए अखबार में प्रकाशन के जरिए फरीक दोयमगण को सूचित किया जावे कि उपरोक्त केस की आगामी तिथि 28.10.2026 निश्चित है उपरोक्त फरीक दोयमगण जहाँ भी रहते निश्चित तिथि पेशी तक असालतन या वकालतन न्यायालय हाजिर आवे। अन्यथा उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

हस्ता/- सहायक कलेक्टर,
प्रथम / द्वितीय श्रेणी, गोहाना

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER Municipal Council, Ahiwara

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

क्रमांक / 561 / न.पा.प. / लो.क.वि. / 2026 — अहिवारा दिनांक 23.10.2026

Online bids are invited for followings works up to 12.11.2026

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor
1	202382	Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire Systemin Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0	Rs. 437.06	Rs. 2.19	In Class B or Above

The details can be viewed ard downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 23.10.2026 at 17:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

टीप:- ऐसे निविदाकार, जिनके पास STP/WTP कार्य एवं निविदा (Notice Inviting Tender) में निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते है, निविदा में भाग लेने हेतु पात्र होगें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

उत्तर रेलवे

ई-निलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जी, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर एनएफआर के विविध अनुबंधों के आवंटन के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है।

ई-कैटलॉग नं.	परिसंपत्ति का प्रकार	रेलवे स्टेशन	ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय
Advt-Nov-26-2	यूनिपोल (OOH)	क्लस्टर-C	प्रारंभ होने का समयः 06.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-2	प्रतीक्षालय	पानीपत रेलवे स्टेशन	प्रारंभ होने का समयः 06.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	विनाइल स्टिकर/बाहरी रैपिंग	ट्रेन संख्या 22479/80 और22485/86	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	यूनिपोल	मोदीनगर।	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	यूनिपोल (OOH)	क्लस्टर-E, F और D	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	डुअल डिस्प्ले इन्फॉर्मेशन सिस्टम यूटीएस (DDIS)	290 यूटीएस काउंटर दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर।	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	डुअल डिस्प्ले इन्फॉर्मेशन सिस्टम पीआरएस (DDIS)	165 पीआरएस काउंटर दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर।	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	स्टेशन परिसर में विज्ञापन (डिजिटल)	शकूर बस्ती	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)	शकूर बस्ती	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	प्रतीक्षालय	खेकड़ा, बागपत रोड, शकूर बस्ती और मनसा, रेलवे स्टेशन	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	यात्री घोषणा प्रणाली (PAS)	नई दिल्ली, दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, करनाल कुरूक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, रोहतक, दिल्ली शाहदरा, फरीदाबाद, पलवल ।	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे
Advt-Nov-26-3	हेडरेस्ट कवर	ट्रेन नंबर 22439/40, 22435/36, 22447/48, 22469/70 और 22425/26	प्रारंभ होने का समयः 09.11.2026 को 11:00 बजे

वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है — https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 3708/26

शब्द पहेली - 6387



बाएँ से दाए-
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

ऊपर से नीचे
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -6386 का हल

	अ	व	का	श		प्र	ति	घा	त	
ख				रा	व	ण				मु
शा		ना	था	ब		य	ती	म		क
म		ह		खा	र	क		ज		र
द	था	क	र	ना		था	ह	मा	प	ना
	प		पत्ता				सी		ठा	
अ	न	व	र	त		म	न	भ	र	ना
नु		रा		म	ध्य	म		र		मा
रो		ह	र्षि	त		ता	ली	म		कू
ध				मा	त	म				ल
	आ	ज	मा	ना		य	ज	मा	न	



खबर संक्षेप

संत प्रेमानंद महाराज ने 5 महीने बाद की पदयात्रा

मथुरा। प्रेमानंद महाराज ने 5 महीने के बाद वृंदावन में पदयात्रा की। शुक्रवार सुबह जब वे अपने नए आश्रम से केली कुंज आश्रम जा रहे थे, तो रास्ते में वाराह घाट तिराहे पर उन्हें देखकर भक्त भावुक हो गए। यहां से संत प्रेमानंद अपनी गाड़ी से उतरे और पैदल चलकर ही आश्रम की ओर जाने लगे। भक्त लगातार राधे-राधे के जयकारे लगा रहे थे।

सीएम फडणवीस ने किया फॉरेंसिक जांच का ऐलान

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे को 500 करोड़ देने का दावा करने वाली एक ऑडियो क्लिप की सीएम देवेंद्र फडणवीस ने फॉरेंसिक जांच का ऐलान किया है। ऑडियो क्लिप में एक महिला डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और उनके बेटे सांसद श्रीकांत शिंदे के माध्यम से रुपए पहुंचाने का दावा कर रही है।

धामी ने दलेर से बात की बोले-सौहार्द से आगे बढ़ें

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने कैबिनेट सहयोगी सुबोध उनियाल द्वारा पंजाबी गायक दलेर मेहंदी को मंच पर कथित रूप से फटकार लगाए जाने से जुड़े विवाद के बीच गायक से फोन पर बात की और कहा कि पिछले घटनाक्रम को पीछे छोड़कर आपसी सौहार्द के साथ आगे बढ़ना चाहिए। धामी ने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रसिद्ध गायक दलेर से फोन पर बातचीत की।

उप्रः कांग्रेस ने सपा से 175 से 200 सीटें मांगीं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने औपचारिक बातचीत शुरू कर दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, कांग्रेस ने 175 से अधिक सीट की प्रारंभिक सूची सौंपी है, जहां उसे लगता है कि वह गठबंधन में प्रभावी भूमिका निभा सकती है।

तेलंगाना में क्लोरोफॉर्म रिसाव से 2 की मौत



हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवा कंपनी के संयंत्र में क्लोरोफॉर्म गैस के कथित रिसाव के बाद 2 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 4अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक कंपनी के कर्मचारी थे। यह घटना गुरुवार देर रात जीनाराम मंडल में हुई। यह घटना रात करीब 11.30 बजे हुई।

बिहार, यूपी, महाराष्ट्र कर्नाटक की 28 विधान परिषद सीटों पर मतदान

नई दिल्ली। बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 विधान परिषद सीटों पर शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 11 सीटें यूपी में हैं। बिहार में 8, महाराष्ट्र में5 और कर्नाटक में 4 सीटों पर वोटिंग हुई। वोटों की गिनती 27 अक्टूबर को होगी। उधर मुजफ्फरनगर में सपा और भाजपा कार्यकर्ता भिड़ गए। राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल के सामने दोनों गुटों के बीच मारपीट होने लगी। पुलिसवालों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। यूपी में 55.24 फीसदी वोट पड़े। बिहार में चार स्नातक सीटों पर 43.87% और चार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 74.55% मतदान हुआ।

झोटा हत्याकांड, एक्शन कमेटी ने पोस्टमॉर्टम से किया इनकार

भाषा ▶▶ चंडीगढ़

मानसा में एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा के मर्डर मामले में शुक्रवार को एक्शन कमेटी और एसआईटी की बैठक हुई। इसमें एक्शन कमेटी और परिवार की 14 मांगों में से 12 मांगें मान ली गईं।

इसमें मुख्यमंत्री मान और डीजीपी के इस्तीफा देने की मांग को छोड़कर सभी मांगों को पूरा कर दिया गया। उधर, एक्शन कमेटी ने झोटा का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। एसआईटी की ओर से एक्शन कमेटी को इन मांगों के संबंध में लिखित पत्र भी सौंपा गया है। वहीं, सीबीआई ने मुख्य

पंजाब सरकार ने पीड़ित परिवार की 14 में से 12 मांगों को माना

आरोपी अश्विनी कुमार को मोहाली में स्थित सीबीआई कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे 5 दिन की रिमांड पर भेजा गया। वहीं, पंजाब फार्मेसी काउंसिल की कार्यकारी कमेटी ने 20 अक्टूबर को हुई बैठक में अश्विनी कुमार का फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन रद्द करने का फैसला लिया। इसके बाद 22 अक्टूबर को रजिस्ट्रार ने इस संबंध में पत्र जारी किया। आदेश के तहत अश्विनी का नाम पंजीकृत फार्मासिस्टों के आधिकारिक रजिस्टर से हटा दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने अमृत महोत्सव में स्वामी चिन्मयानंद के थ्री-डी अवतार से बात की

समाज को बांटने वाली ताकतें सक्रिय निपटने को एकजुट होना पड़ेगा : मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम मोदी शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में 'चिन्मय अमृत महोत्सव' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक बुराइयों से निपटने और बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। पीएम ने कहा कि दशकों में समय बदला है, नई चुनौतियां सामने आई हैं और नई सामाजिक बुराइयां पैदा हुई हैं। आज, इन समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने आगे कहा कि हमें समाज को बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होना होगा, आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों प्रेरित करना होगा, हर व्यक्ति को 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन से जोड़ना होगा। इस दौरान, पीएम ने स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात की। यह ऐसी तकनीक है जो एक वास्तविक दिखने वाले 3डी होलोग्राफिक डिजिटल इंसान को पेश करती है।

- 1993 के फरवरी में मेरी गुरुदेव से मुलाकात हुई थी। मैं उन्हें शिकागो में विश्व धर्म संसद के शताब्दी समारोह में आमंत्रित करने गया था।
- गुरु जी इसके बाद अमेरिका गए। 3 अगस्त को अमेरिका में स्वामी जी हमें छोड़कर चले गए।

कल ओडिशा के दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री मोदी 25 अक्टूबर को ओडिशा के दो घंटे के दौरे पर आएंगे और इस दौरान वह भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 169 करोड़ रुपये के डेटा सेंटर का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा साझा किए गए संभावित कार्यक्रम के अनुसार, मोदी भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से शाम करीब 4:30 बजे यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे।

उप्र के औरैया में 75 वर्षीय बुजुर्ग से सगाई करने वाली रीना ने रिश्ता तोड़ा

रीना का दावाः सगाई का वीडियो देखकर पति वापस लौटा

एजेंसी ▶▶ औरैया (उप्र)

- 30 वर्षीय रीना अब अपने पति के साथ दोबारा शादी करेंगी
- 14 अक्टूबर को हल्दी-सगाई का वीडियो हुआ था वायरल



उप्र के औरैया की 30 वर्षीय रीना और 75 वर्षीय रामसुघर की सगाई की सोशल मीडिया पर खून चर्चा हुई थी। अब इस कहानी में नया मोड़ आ गया है। रीना का नया बयान और वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि उनके लापता पति वापस लौट आए हैं और वो बुजुर्ग रामसुघर के साथ शादी नहीं करेंगी। रीना ने साफ कर दिया है कि रामसुघर संग हुई उनकी सगाई पूरी तरह से कैंसिल हो चुकी है। रीना द्वारा जारी किए गए नए वीडियो के अनुसार, उनके जीवन में आए इस अचानक बदलाव की वजह उनके पति का वापस आना है। उनके पति कहीं चले गए थे, लेकिन जब सोशल मीडिया पर 75 साल के बुजुर्ग से सगाई और हल्दी का वीडियो देखा, तो तुरंत घर वापस लौट आए। उनके लौटने के बाद घर में काफी हंगामा हुआ। रीना ने स्पष्ट किया कि कानूनी रूप से उनका पति से तलाक नहीं हुआ था। रीना के परिवार वाले और रिश्तेदार भी उम्र में 45 साल बड़े रामसुघर के साथ इस विवाह के सख्त खिलाफ थे। रीना ने कहा कि जब उनका सहारा नहीं था, तब उन्होंने रामसुघर की बेटी राधा से संपर्क किया था और शादी के लिए हां भरी थी।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का कांग्रेस पर हमला-बोले

राहुल गांधी न केवल फेल प्रोडक्ट बल्कि मानसिक रूप से अस्थिर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता न केवल 'फेल प्रोडक्ट' हैं, बल्कि मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति भी प्रतीत होते हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए दावा किया कि मुख्य विपक्षी दल राहुल गांधी की नाकामियों के बावजूद उन्हें आगे बढ़ाने के लिए लगातार 'भारत की पूरी व्यवस्था, संस्कृति, परंपराओं और हिंदू आस्था को ध्वस्त करने' की कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गांधी पर निशाना साधे जाने के एक दिन बाद यह बयान आया है। मोदी ने कहा था कि देश में एक साल में श्रीहरिकोटा से उतने रॉकेट लांच नहीं होते, जितनी बार कांग्रेस अपने नेता को 'लॉन्च' करने की असफल कोशिशें करती है। त्रिवेदी ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि गांधी एक फेल प्रोडक्ट हैं, फिर भी कांग्रेस उन्हें बार-बार नाकाम तरीके से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस सांसद की भाजपा को सलाह

राहुल को गंभीरता से लें, वे युवाओं में पापुलरः थरूर

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को भाजपा को सलाह दी। उन्होंने कहा कि भाजपा को राहुल गांधी को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी ने युवा मतदाताओं में पॉपुलैरिटी हासिल की है। थरूर एक समाचार चैनल की वर्ल्ड समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने राहुल पर ध्यान दिया है, इसलिए वह उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही है। एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी कार्यक्रम में राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा था कि पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी।



अरुणाचल में बांध के विरोध में पुलिस से भिड़े, 4 घायल



एजेंसी ▶▶ इटानगर

अपर सियांग बिजली परियोजना को लेकर हो रहा विरोध-प्रदर्शन

150-200 प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की

अरुणाचल प्रदेश में सियांग नदी पर बांध निर्माण का विरोध कर रहे दस प्रदर्शनकारियों की रिहाई की मांग को लेकर तीन जिलों में 12 घंटे बंद रखा गया। सियांग जिले में गेकू के पास दिते-डाइम इलाके में पुलिस और प्रदर्शनकारी आपस में भिड़ गए। इसमें चार महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। सियांग के पुलिस अधीक्षक कामदाम सिखोम ने बताया कि प्रस्तावित 11,200 मेगावाट की बिजली परियोजना के विरोध में 12 घंटे के बंद के दौरान करीब 150 से 200 प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ करने और बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों के पास धारदार हथियार, लाठियां और गुलेल थीं। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों पर पत्थर भी फेंके। अधिकारी ने बताया कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। अपर सियांग जिले में प्रस्तावित बांध परियोजना के विरोध में हुए प्रदर्शनों के बाद राज्य प्रशासन ने 20 दिन पहले 10 लोगों को हिरासत में लिया था।

भाजपा व अकाली में गठबंधन संभव

चंडीगढ़(भाषा)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और (भाजपा के बीच संभावित गठबंधन की चर्चाओं के बीच शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी उन दलों के साथ गठबंधन को तैयार है, जो उसकी विचारधारा और कार्यक्रमों से सहमत हैं। बादल ने कहा कि आप और कांग्रेस पंजाब के 'सबसे बड़े दुश्मन' हैं। बादल ने जोर देकर कहा कि जब शिअद-भाजपा गठबंधन की सरकार थी, तब पंजाब में शांति कायम थी। पंजाब में चुनाव अगले साल होने हैं। बादल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि शिरोमणि अकाली दल के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर इस बात पर चर्चा की कि कैसे 'अक्षम मुख्यमंत्री' ने राज्य को बर्बाद कर दिया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। बादल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।



शिवा हत्याकांडः श्रद्धा, बहन रश्मि और ड्राइवर की जमानत खारिज



नागपुर से एसटीएफ लखनऊ लेकर आई थी

लखनऊ की सीजेएम कोर्ट ने नहीं दी राहत

लखनऊ। उप्र की राजधानी लखनऊ में कैफे संचालक शिवा शर्मा की हत्या के मामले में कार्यवाहक मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसीजेएम) आलोक वर्मा की अदालत ने शुक्रवार को मॉडल श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि दुबे और चालक तनवीर उर्फ दानिश की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने कहा कि मामला गंभीर प्रकृति का है और इसकी सुनवाई सत्र न्यायालय में होनी है, इसलिए आरोपी जमानत के हकदार नहीं हैं। तीनों आरोपियों को 20 अक्टूबर को नागपुर के अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। लखनऊ लाए जाने के बाद बृहस्पतिवार को उनसे छह घंटे 35 मिनट तक पूछताछ की गई।

मोहाली में टायर खराब होने का झांसा देकर कार से 21.50 लाख उड़ाए

जीरकपुर (मोहाली)। गाड़ी के टायर खराब होने का झांसा देकर पटियाला रोड पर एयरफोर्स स्टेशन कट के नजदीक मोटरसाइकिल सवार युवक ने लोहा कारोबारी से 21.50 लाख रुपये की नकदी उड़ा दी। कारोबारी कार के पिछले टायर की जांच कर रहा था कि इसी दौरान एक अन्य युवक ने ड्राइवर साइड का दरवाजा खोलकर नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गया। वारदात वीरवार रात की है। पुलिस को दी शिकायत में स्काई लाइन पार्क, वीआईपी रोड निवासी श्याम लाल सहगल (44) ने बताया कि वह लोहे का कारोबार करते है। वह लोहगढ़ कट स्थित मित्तल मेटल से अपनी इनोवा कार में घर लौट रहे थे। कार में नीले और पीले रंग का एक बैग रखा हुआ था, जिसमें 21.50 हजार रुपये की नकदी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार युवक ने पिछले टायर की तरफ इशारा किया। युवक ने के इशारे से लगा कि शायद टायर में कोई खराबी आ गई है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर 4.8 करोड़ का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से कथित तौर पर करीब 4.8 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा तस्करी करके लाने के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया है। हाइड्रोपोनिक गांजा बिना मिट्टी के, केवल पानी और पोषक तत्वों के नियंत्रित घोल में कृत्रिम रूप से उगाया जाता है, जो सामान्य की अपेक्षा अत्यधिक नशीला होता है। बैंकॉक से 16 अक्टूबर को विमान से पहुंची महिला की 'प्रोफाइलिंग' के आधार पर टर्मिनल-तीन पर रोकने के बाद एक्स-रे जांच और सामान तथा व्यक्तिगत तलाशी के लिए ग्रीन चैनल पर भेजा गया।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक

सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 24.10.2026

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना संख्या
ETrU-T-17-2026-27 & ETrU-T-18-2026-27

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को **15:00 बजे** तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता। इनको **15:00 बजे** के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

क्र. सं. 1. : निविदा संख्या : ETrU-T-17-2026-27
कार्य का विवरण : अंबाला मंडल के घग्गर, परवाणू, कुराली, आनंदपुर साहिब, धवलान, हडियाया, कुप एवं छाजली तथा उकलाना ट्रैक्शन सब-स्टेशनों पर 100 केवीए सहायक ट्रांसफार्मर की व्यवस्था हेतु कार्य।
निविदा बंद/खुलने की तिथि : 16.11.2026
लगभग लागत : रु. 88,12,555.37/-
धरोहर राशि : रु. 1,76,300/-
कार्य पूरा करने की अवधि : 06 महीने
वैधता अवधि : 60 दिन
टेण्डर फॉर्म की कीमत : Downloading through IREPS portal -NIL, (Rs. 5,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)
क्र. सं. 2. : निविदा संख्या : ETrU-T-18-2026-27
कार्य का विवरण : अंबाला मंडल के एसआरई-यूएमवी-डीएचपीआर, यूएमबी-एलडीएच और जेएचएल-एचएसआर-एलडीएच सेल्शन पर उच्च एमएमडी परिवहन उत्पाद/डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनर्स (डीएसडीसी) की आवाजाही के लिए उल्लंघनों को हटाने के लिए सी/डब्ल्यू में ओएचई संशोधन हेतु कार्य।
निविदा बंद/खुलने की तिथि : 16.11.2026
लगभग लागत : रु. 1,39,12,127.79/-
धरोहर राशि : रु. 2,78,300/-
कार्य पूरा करने की अवधि : 08 महीने
वैधता अवधि : 60 दिन
टेण्डर फॉर्म की कीमत : Downloading through IREPS portal -NIL, (Rs. 5,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। **2.** निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। **3.** कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। **4.** कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार हैः **क्र.स. 1 में** "Supply, erection, testing & commissioning of 25kV / 240V, 5kva, 10 KVA & above LT supply transformer." **OR** "Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE." **OR** "Design, supply, erection testing & commissioning of 66 KV or higher voltage 3-phase grid substation." **OR** "Design, supply, erection testing & switching station commission of 50Hz, single phase 25 KV (SP, SSP)." **और क्र.स. 2 में** "Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE". **5.** टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

सं.: ETrU-T-17-2026-27 & ETrU-T-18-2026-27 दिनांक: 23.10.2026 3688/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

केन्द्रीय सूचना आयोग में सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र

नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों के पदों, अधिकतम दो, जैसा कि आवश्यक समझा जाए, को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

केन्द्रीय सूचना आयोग में सूचना आयुक्त के पदों हेतु विचार करने संबंधी पात्रता शर्तों का विवरण तथा विवरण भेजने के प्रपत्र को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइटः www.persmin.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

विभाग में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख **20.11.2026** है।

CBC 32201/11/0006/2627

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
OFFICE OF DEVELOPMENT COMMISSIONER (MSME), NEW DELHI

Invites Application for the post of CEOs in Autonomous Bodies

Government of India is looking for energetic, result oriented dynamic & talented professionals having domain knowledge, skill sets & leadership qualities, who wish to leverage their experience & knowledge to deliver high results in the respective sector.

1. **General Manager, Central Tool Room & Training Centre (CTTC), Kolkata**
2. **Principal Director, Fragrance & Flavour Development Centre (FFDC), Kannauj**
3. **Principal Director, Centre for Development of Glass Industry (CDGI), Firozabad**
4. **Director, Central Footwear Training Institute (CFTI), Agra**
5. **General Manager, Central Tool Room & Training Centre (CTTC), Bhubaneswar**
6. **Principal Director, Central Institute of Hand Tools (CIHT), Jalandhar**
7. **General Manager, Central Tool Room (CTR), Ludhiana**

To be filled on **contract basis** for a period of **5 years** initially with further extension, based on the review of performance till the age of superannuation.

For eligibility criteria along with Application Proforma-Go through detailed advertisement available on website- **www.dcmsme.gov.in, www.ffdcindia.org, www.cftiagra.org.in, www.cdgiindia.net, www.cttc.gov.in, www.ciht.in, www.msmetoolroomkolkata.com, www.ctrludhiana.org.**

Duly filled Application along with supporting documents should reach by speed/registered post only at the following address-**Additional Development Commissioner (TR), Office of the Development Commissioner (MSME), Room No. 32082, 2nd Floor, Kartavya Bhawan-3, Janpath Road, New Delhi-110001**

(Separate applications should be sent for separate post/locations. The envelope containing the application must be superscripted with application for the vacancy of respective position/location applied for.....).

The last date of receipt of application is **23.11.2026.**

CBC 25113/11/0054/2627

चिंतन

चीन पर भरोसा नहीं करें सुरक्षा और मजबूत बनाएं

चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय कूटनीति जब-जब बीजिंग की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखती है, तब-तब ड्रैगन की आक्रामकता भारत की पीठ में छुरा घोंपने की नई पटकथा लिख रही होती है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का बयान केवल एक आधिकारिक वक्तव्य नहीं, बल्कि दिल्ली के नीति-नियंताओं के लिए एक गंभीर चेतावनी है, जो वार्ताओं की आड़ में चीनी शांति के मुगालते में जी रहे हैं। आईटीबीपी प्रमुख ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा है कि पिछले कुछ महीनों से अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाकों में चीनी और भारतीय सैनिक आमने-सामने हैं। तीन उच्चस्तरीय वार्ताओं (डब्ल्यूएमसीसी, विशेष प्रतिनिधि वार्ता और कोर कमांडर स्तर) के ढोंग और द्विपक्षीय मुलाकातों की कृत्रिम गर्मजोशी के बावजूद सरहद पर बंदूकें तनी हुई हैं। इतिहास गवाह है कि बीजिंग का विस्तारवादी चरित्र बातचीत से नहीं सुधरने वाला। भारत के लिए अब आत्मघाती भलमनसाहत छोड़ने का समय आ गया है। चीन पर रत्ती भर भी भरोसा न करें और अपनी सुरक्षा को इतना अभेद्य बनाएं कि दुश्मन आंख उठाने से पहले कांप उठे। वर्ष 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में हुई खूनी झड़प ने भारत को यह कड़ा और दर्दनाक सबक दिया था कि ड्रैगन की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। आधुनिक दौर का युद्ध पूरी तरह से तकनीक-आधारित और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में तब्दील हो चुका है। ऐसे में आईटीबीपी द्वारा अपनी आधुनिकीकरण योजना के तहत 4,000 करोड़ रुपये में से 1,000 करोड़ रुपये केवल ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए झोंकना एक सही दिशा में उठाया गया सख्त कदम है। सबसे पहली प्राथमिकता एलएसी के अग्रिम मोर्चों तक ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के निर्माण को रॉकेट की गति देना है, ताकि आपात स्थिति में भारी हथियारों और सेना की त्वरित तैनाती सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, सीमा चौकियों पर अभेद्य भूमिगत ढांचे और बंकरों का निर्माण आधुनिक मिसाइल और ड्रोन हमलों से हमारे जवानों को लोहे की ढाल प्रदान करेगा। जवानों को दी जा रही नई रणनीतियों वाली 'स्ट्राइक' ट्रेनिंग और शौर्य कमांडो टीमों का विकास इस बात का खुला एलान है कि भारतीय सेनाएं अब सिर्फ रक्षात्मक नहीं रहेंगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुश्मन के घर में घुसकर प्रहार करने की क्षमता रखती हैं। इसके अतिरिक्त, सीमा सुरक्षा को केवल सैनिकों के भरोसे न छोड़कर एक त्रिस्तरीय अभेद्य ग्रिड में बदलना होगा। पहला, भारतीय उपग्रहों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके चीन के सैन्य जमावड़े का स्वचालित विश्लेषण कर अग्रिम सूचना हासिल की जाए। दूसरा, 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' को पूरी ताकत से लागू कर सीमावर्ती गांवों से पलायन को तुरंत रोका जाए, क्योंकि स्थानीय नागरिक ही सीमाओं पर देश के सबसे पहले 'सजग प्रहरी' और खुफिया तंत्र होते हैं। तीसरा, चीन की तकनीकी आक्रामकता को पंगु बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और स्वदेशी लेजर-आधारित काउंटर-ड्रोन सिस्टम की तैनाती को दोगुना करना होगा। चीन द्वारा बार-बार अरुणाचल प्रदेश को 'जांगनान' कहना और वहां की जगहों के फर्जी चीनी नाम जारी करना उसकी उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इसलिए भारत को अपनी सुरक्षा की ढाल को इतना मजबूत और प्रहारक बनाना होगा कि ड्रैगन दोबारा आंख उठाने की हिम्मत भी न कर सके।



पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत

धरती के आकार बदलने का खतरा बढ़ा

जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा।

जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है।

संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा। वर्ष 2014 से 2023 के बीच वैश्विक स्तर पर समुद्र का जलस्तर 4.7 मिलीमीटर की दर से बढ़ा था लेकिन वर्ष 2024 में इसने पुराना रिकार्ड तोड़ा और 5.5 मिलीमीटर की चौंकाने वाली बढ़ोतरी दर्ज की। दुनिया के वैज्ञानिकों की इस बारे में एकमुश्त राय है कि सबसे अनुकूल परिस्थिति रहने पर भी इस सदी के अंत तक यानी 2100 तक समुद्र का जलस्तर कम से कम 0.55 मीटर तक बढ़ जाएगा। उस दौरान सबसे गंभीर स्थिति में यह बढ़ोतरी एक मीटर से अधिक तक होगी। ऐसी स्थिति जिनमें एक वैश्विक तापमान बढ़ोतरी के चलते ध्रुवीय बर्फ की चादरों और विशालकाय हिमनदों का तेजी से पिघलना और दूसरा गर्म होते समुद्र के जल का तापीय प्रसार ये प्रमुख कारण हैं। जबकि मानव गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली अतिरिक्त ऊष्मा का तकरीबन 91 फीसदी हिस्सा महासागर सोख रहे हैं। देखा जाए तो समुद्री जलस्तर में बढ़ोतरी का नुकसान अभी तक सबसे पहले और सबसे ज्यादा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जिनका उत्सर्जन योगदान नगण्य है। जबकि उन देशों के पास संसाधनों की भारी कमी है। गौरतलब है कि प्रशांत महासागर के बहुतेरे छोटे द्वीपों में जलस्तर बढ़ने की दर वैश्विक औसत से दोगुणी से भी ज्यादा है। देखा जाये तो ढाका, मुंबई, कोलकाता जैसे निचले डेल्टा शहरों में 1.4 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन और आजीविका पर प्रत्यक्ष भयंकर खतरा मंडरा रहा है। इससे मियामी, न्यूयार्क, गुआंगझू जैसे तटीय महानगरों को खरबों डालर का वित्तीय नुकसान सहना पड़ेगा। इसमें दो राय नहीं। मौजूदा दौर में दुनिया की लगभग दस फीसदी आबादी यानी करीब 77 करोड़ लोग समुद्र रेखा से पांच मीटर से भी कम ऊंचाई पर रहते हैं। यह बेहद खतरनाक स्तर है। यह भी कि समुद्र की आक्रामक लहरें आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि और पीने के मीठे पानी के कुंओं को खारा बना रही हैं। इससे समुद्र तटीय बुनियादी ढांचे को अब तक लगभग 1.8 खरब डालर से भी अधिक का नुकसान पहुंच चुका है। यही स्थिति रही तो दुनिया को हर साल 1.4 खरब डालर का नुकसान उठाना पड़ेगा। फिर समुद्र का बढ़ता तापमान और जलस्तर बढ़ने के साथ उसकी परतों की संरचना बदल रही है, जिससे ज्वार-भाटे की तीव्रता और ऊंचाई प्रभावित हो रही है। इससे तटीय इलाकों पर बाढ़ और कटाव का खतरा बढ़ सकता है। गौरतलब है कि ज्वार-भाटा तटीय रेखाओं और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र को आकार देते हैं। इसके साथ-साथ वे तटीय समुदायों को भी खासा प्रभावित करते हैं।



इसलिए जलवायु परिवर्तन के कारण महासागरीय बदलावों के बीच यह सवाल भी महत्वपूर्ण हो गया है कि बदलती समुद्री परिस्थितियां ज्वार-भाटे के स्वरूप को किस तरह प्रभावित कर रही हैं। हकीकत तो यह है कि वर्ष 1970 से लेकर 2020 तक छोटे द्वीपीय विकास शील देशों ने अबतक कुल मिलाकर जलवायु आपदाओं के चलते 153 अरब डालर का नुकसान उठाया है। दुनिया के वैज्ञानिक तो तकरीबन एक दशक से भी पहले यह चेतावनी दे चुके हैं कि जलवायु परिवर्तन से अंटार्कटिका के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने पर ग्लेशियर और तेजी से पिघलेंगे। फिर वहां बर्फ की परतें पहले की अपेक्षाकृत अधिक तेजी से पिघलने लगी हैं जो ज्यादा घातक साबित होंगीं। इससे अधिक कटाव और क्षरण होगा। पिघलते ग्लेशियरों के इस क्षरण से घाटियां और ज्यादा गहरी हो जाएंगीं और समुद्रों में अपेक्षाकृत और ज्यादा गाद जमा होगी। तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर अपने प्रवाह मार्ग की घाटियों और महाद्वीपीय मैदानी क्षेत्रों में अधिक गाद इकट्ठा कर देते हैं। इससे पेयजल की उपलब्धता प्रभावित होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ध्रुवीय और महाद्वीपीय इलाकों का जहां मिलन होता है, वह संधिक्षेत्र जैव विविधता के लिहाज से बेहद संपन्न है। अगर पानी में ज्यादा गाद जमा होगी तो इसका सीधा दुष्प्रभाव जलीय जीवों के पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया के प्रोफेसर और शोध प्रमुख मिशेल कोप्पस का कहना है कि हम लोगों ने पाया है कि अंटार्कटिका के ग्लेशियरों की तुलना में पेंटागोनिया के ग्लेशियर 100 से एक हजार गुणा तेजी से क्षरित हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि गर्म तापमान और बर्फ के पिघलने के कारण ग्लेशियर के आधार में अधिक फिसलन बनी जिससे उनका तेजी से क्षरण हुआ। इससे पृथ्वी के आकार में बदलाव की संभावनओं को नकारा नहीं जा सकता। फिर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि धरती को इंसानों और दूसरे जीवों के रहने लायक बनाए रखने वाली प्राकृतिक व्यवस्थाओं पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि धरती की सेहत को मापने वाली नौ अहम सीमाओं में से सात को इंसानी कारगुजारियों ने लांघ दिया है। दरअसल, इसमें जलवायु परिवर्तन, जैव मंडल में, भूमि के उपयोग में, मीठे पानी और जैव भूरासायनिक प्रवाह में बदलाव, नए मानव निर्मित पदार्थों का पर्यावरण में प्रवेश और समुद्र के अम्लीकरण की अहम भूमिका है। इसका नकारात्मक प्रभाव जंगलों और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र पर पड़ा है। जाहिर है कि इससे जंगलों और समुद्रों पर खतरा और गहरा गया है। जिन सीमाओं को इंसान लांघ रहा है, उन्हें 'प्लैनेटरी बाउंड्री' कहा जाता है। ये ऐसी सुरक्षित सीमाएं हैं जिनके अंदर रहकर धरती का पर्यावरण स्थिर और जीवन के लिए अनुकूल बना रह सकता है। जब इंसानी गतिविधियों से यह सीमाएं तोड़ी जाने लगती हैं, तब जलवायु, पानी, जंगल, समुद्र और जीव-जंतुओं पर खतरा बढ़ जाता है। इसका खुलासा जर्मनी की पोट्सडैम इंस्टीट्यूट आफ क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च की प्लेनेटरी हैल्थ चेक की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट का संदेश गंभीर है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि धरती तुरंत खत्म हो जाएगी। इस बाबत वैज्ञानिकों का मानना है कि लांघ गई सीमाओं को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए अभी भी कार्रवाई की गुंजाइश मौजूद है। सभी प्लेनेटरी बाउंड्री को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए तेज कदम उठाने जरूरी हैं। धरती की स्थिरता और प्राकृतिक क्षमता को बचाने के लिए तत्काल प्रयास किए जाने चाहिए। इनमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना होगा और दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ना होगा।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



आर्थिक मोर्चे पर विकास के सकारात्मक संकेत

विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद दुनिया भर की रेटिंग संस्थाओं ने भारतीय अर्थ व्यवस्था को गतिमान स्वीकार करते हुए वैश्विक औसत से लगभग दो गुणी विकास दर रहने की संभावना जताई है। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि वैश्विक परिस्थितियों में कहीं और किसी तरह का सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। ईरान-अमेरिका युद्ध हो या रशिया-यूक्रेन युद्ध हो या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तानाशाही पूर्ण तुगलकी निर्णय हों या कच्चे तेल के भावों में बेतहाशा बढ़ोतरी और होर्मुज का संकट, हालात समूचे विश्व में विकट से विकटतर बने हुए हैं। अब फ्रांस के हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं तो उसका असर जहां यूरोप में दिखाई देगा, वहीं भारत में भी हालात को प्रभावित करने के कतिपय प्रयास जारी हैं। अच्छी बात यह है कि देश-दुनिया के गंभीर हालातों के बावजूद आर्थिक क्षेत्र की दुनिया की लगभग सभी रेटिंग संस्थाओं ने इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ रेट को लेकर आशा से भी अधिक विश्वास जताया है। इनकी मानें तो 2026 की वैश्विक औसत आर्थिक विकास दर 3.1 फीसदी रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं भारत के आर्थिक परिणामों को देखते हुए जुलाई की तुलना में अक्टूबर आते-आते ग्रोथ को 6.9 से लेकर 7.1 रहने की उम्मीद जताई है। खास बात यह है कि किसी भी संस्था ने जुलाई की रेटिंग की तुलना में नकारात्मक ग्रोथ नहीं दिखाकर ग्रोथ रेट में इजाफा ही जाहिर किया है। दरअसल, देश में मांग और आपूर्ति से लेकर निर्यात तक में लगातार विकास देखा जा रहा है। देश में मांग और आपूर्ति के बेहतर हालात हैं तो निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यह भी तब जब वैश्विक मांग कमजोर देखी जा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे सकारात्मक बात यह है कि एमएसएमई सेक्टर में लगातार अच्छा काम हो रहा है तो दूसरी ओर सर्विस सेक्टर में तो एक तरह से लगातार उछाल ही आ रहा है। कच्चे तेल के भावों में तो जैसे आग ही लग रही है और उपलब्धता को लेकर भी लाख झंझट के बावजूद इकोनॉमी को बूस्टअप रखने में खास बाधा नहीं आ रही है। देश में देसी-विदेशी निवेश में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। महंगाई के बावजूद बाजार में मांग बरकरार है। बाजार में मांग से यह साफ है कि लोगों की क्रय शक्ति बनी हुई है। सर्विस सेक्टर में टूरिज्म, बैंकिंग, आईटी, और इसी तरह के अन्य क्षेत्र उल्लेखनीय परिणाम दे रहे हैं। नवंबर में दीपावली के त्योहार के चलते बाजार और अधिक गतिशील हो जाएगा क्योंकि दीपावली पर बाजार में तेजी आती ही है। जानकारों की मानें तो नवंबर माह में दीपावली पर 7 लाख करोड़ का कारोबार अनुमानित किया जा रहा है। यह पिछली दीपावली की तुलना में 15 से 18 प्रतिशत तक अधिक रहने की संभावना है। इसी तरह सेवा क्षेत्र में भी अच्छी ग्रोथ जारी रहने का अनुमान है। इसके अलावा विपरीत हालातों के बावजूद निर्यात में लगातार बढ़ोतरी जारी है। देश की इकोनोमिक ग्रोथ के कारण देसी-विदेशी निवेश के बेहतर हालात दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि चाहे आईएमएफ हो या मूडीज, ओईसीडी हो या वर्ल्ड बैंक, एशियन डब्लपमेंट बैंक हो या एसएंडपी या फिच सभी ने भारत की इकोनॉमी की ग्रोथ को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत का आरबीआई का आंकलन तो पहले से ही सबके सामने हैं। एकमात्र फिच रेटिंग संस्था ऐसी है जिसने इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ रेट 6.9 प्रतिशत आंकी है जोकि पूर्व की फिच की ही पूर्व की रेटिंग 6.5 प्रतिशत से ही अधिक है। मूडीज सहित कुछ रेटिंग संस्थाएं जहां अब 7 प्रतिशत विकास दर आंक रही हैं तो वर्ल्ड बैंक, ओईसीडी आदि संस्थाओं को भरोसा है कि भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत से अधिक यानी की 7.1 प्रतिशत रहने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नित नए निर्णयों से दुनिया की अर्थ व्यवस्था पर पड़ रहे असर, युद्ध और तनाव के हालातों में सुधार नहीं होने, होर्मुज जैसी समस्या का समाधान नहीं होने, वैश्विक राजनीतिक अस्थिरता के दौर के बावजूद एक ही सधी हुई नीति का ही परिणाम है कि देश की अर्थ व्यवस्था विकास की गति को न केवल बनाए हुए हैं अपितु उसके विकास का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जहां घरेलू मांग में कमी नहीं आई है, वहीं निवेश का बेहतर माहौल बना हुआ है। एमएसएमई को उत्पादन लिंक प्रोत्साहन योजना का लाभ सीधे इकोनॉमी का मिल रहा है, वहीं रणनीतिक क्षेत्रों सेमीकंडक्टर, डिफेंस, इलेक्ट्रोनिक्स, आईटी आदि आदि क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है। यही कारण है कि आज इंडियन इकोनोमी और उसकी ग्रोथ पर वैश्विक रेटिंग संस्थाएं अपना विश्वास व्यक्त कर रही हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित

दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का प्यार



संकलित

प्रेरणा

राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों भाइयों के बचपन का एक प्रसंग है! जब ये लोग खेलते थे तो लक्ष्मण राम की तरफ उनके पीछे होता था और सामने वाले पाले में भरत और शत्रुघ्न होते थे। तब लक्ष्मण हमेशा भरत को बोलते कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो हर बार अपने पाले में अपने साथ मुझे रखते है। लेकिन भरत कहते नहीं कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो मुझे सामने वाले पाले में रखते है ताकि हर पल उनकी नजरें मेरे ऊपर रहे, वो मुझे हर पल देख पाएं क्योंकि साथ वाले को देखने के लिए तो उनको मुड़ना पड़ेगा। फिर जब भरत गेंद को राम की तरफ उछालते तो राम जानबूझ कर गेंद को छोड़ देते और हार जाते, फिर नगर में उपहार और मिठाइयां बांट कर खुशी मनाते। सभी पूछते राम जी आप तो हार गए फिर आप इतने खुश क्यों है, राम बोलते मेरा भरत जीत गया। फिर लोग सोचते जब हारने वाला इतना कुछ बांट रहा है तो जीतने वाला भाई तो पता नहीं क्या, क्या देगा? लोग भरत के पास जाते हैं लेकिन ये क्या भरत तो लंबेः लंबे आंसू बहाते हुए रो रहे हैं। लोगों ने पूछाः भरत जी आप तो जीत गए हैं, फिर आप क्यों रो रहे है? भरत बोलेः देखिए मेरी कैसी विडंबना है, मैं जब भी अपने प्रभु के सामने होता हूँ तभी जीत जाता हूँ। मैं उनसे जीतना नहीं मैं उनको अपना सब कुछ हारना चाहता हूँ। मैं खुद को हार कर उनको जीतना चाहता हूँ।

विसर्जन से पूर्व प्रतिमाएं



शुक्रवार को नई दिल्ली के सीआर पार्क में, दुर्गा पूजा उत्सव के छठे दिन, ट्रकों में लादे जाने से पहले एक कार्यशाला में देवी दुर्गा और अन्य हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां (एक चाला ठाकुर शैली में) रखी हुई थीं।

आज की पाती

लोकतंत्र में असहमति को स्थान है, अराजकता को नहीं

नीट परीक्षा आंदोलन में धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के बाद एसआईआर आंदोलन की आड़ में जिस प्रकार अराजकता फैलाई जा रही है, वो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। किसी भी विषय पर मत भिन्नता हो सकती है, उस पर रचनात्मक आंदोलन भी हो सकता है, लेकिन आंदोलन की आड़ में अराजकता को कोई स्थान नहीं है। जन आंदोलन वही सफल होते हैं जिनमें जनता की सहभागिता हो। लेकिन इस आंदोलन में जन सहभागिता नहीं दिख रही। इसी लोकतांत्रिक ढांचे में रिजिम चेंज करने की बात कह कर आंदोलनकारी यह सोच रहे हैं कि उन्हें जन समर्थन मिलेगा, तो वो गलतफहमी में हैं। लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन का रास्ता हमारे उसी संविधान में अंकित है, जिस संविधान को हाथ में लेकर राहुल गांधी घूमते हैं। - सतीश चौहान, बेमेतरा

ट्रेंड

शासन का स्वरूप



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल तकनीक शासन के स्वरूप को तेजी से बदल रहे हैं। हमें अपने लोक सेवकों को इन बदलावों के अनुरूप ढलने के लिए सशक्त बनाने हेतु तैयार रहना चाहिए -योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

एशियन पैरा गेम्स



एशियन पैरा गेम्स 2026 में महिलाओं के डबल्स एसएल 3-एसयू 5 बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने पर थुलसिमथी मुरुगेसन और मानसी जोशी को हार्दिक बधाई! उनके बेहतरीन टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल ने देश को गौरवान्वित किया है! - रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग



मध्य प्रदेश में मछली पालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के साथ जोड़ा जाएगा; एकीकृत मत्स्य उद्योगों को एमएसएमई ढांचे के तहत प्रोत्साहन और सहायता मिलेगी और जमीन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। - डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

जीतने की साजिश



बीजेपी, अपनी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए, अधिकारियों और स्कूल-कॉलेज प्रशासकों पर दबाव डालकर शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनावों को अवैध तरीके से जीतने की साजिश रच रही है। इन सभी लोगों के वीडियो बनाए जाएंगे और इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। - अखिलेश यादव, सांसद, सपा

करंट अफेयर

पाकिस्तान का लाहौर दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर

पाकिस्तान का लाहौर शुक्रवार को दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। एक वायु गुणवत्ता निगरानी मंच के अनुसार, शहर में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 410 दर्ज किया गया। एक्यूआई वायु प्रदूषण मापने का संख्यात्मक पैमाना है। इसका स्तर जितना अधिक होता है, हवा की गुणवत्ता उतनी ही खराब होती है और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ जाते हैं। स्विट्जरलैंड के निगरानी मंच आईक्यूएयर के पैमाने के अनुसार, 300 से अधिक एक्यूआई को 'खतरनाक' श्रेणी में रखा जाता है। आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर में पीएम2.5 प्रदूषकों की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वार्षिक दिशानिर्देश मूल्य से 45.2 गुना अधिक थी। पीएम2.5 का मतलब 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले बारीक कणों से है। ये कण फेफड़ों में गहराई तक पहुंच सकते हैं और रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इनके लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। पंजाब प्रांत की सरकार के अनुसार, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर और अन्य हिस्सों में हर साल अक्टूबर से फरवरी के बीच धुंध छाने की समस्या रहती है।



ऑफ बीट

दुनिया की सभी प्रवाल भित्तियां 50 साल में हो जाएंगी नष्ट

दुनिया की लगभग सभी प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) के अगले 50 वर्षों में नष्ट होने का गंभीर खतरा है। आकलन में कहा गया है कि उथले पानी में मौजूद 96 प्रतिशत प्रवाल भित्तियां पहले से ही गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं और वर्ष 2075 तक गायब हो सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेट बैरियर रीफ, पश्चिमी प्रशांत महासागर और दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित कोरल ट्रायंगल, मेसोअमेरिकन बैरियर रीफ प्रणाली और लाल सागर की प्रवाल भित्तियां सहित दुनिया की कई प्रसिद्ध प्रवाल भित्तियां गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं। यह खतरे का सबसे गंभीर स्तर है। आईयूसीएन की प्रवाल भित्ति पारिस्थितिकी प्रणालियों की 'ग्लोबल रेड लिस्ट' के इस आकलन का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक मिशाल गुडका ने कहा, 'प्रवाल भित्तियों के नष्ट होने का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन इसे निराशा का कारण बनाने के बजाय खतरे की चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'प्रवाल भित्तियों ने बड़े पैमाने पर हानिकारक विरंजन (ब्लीचिंग) जैसी विनाशकारी घटनाओं के बाद भी उल्लेखनीय रूप से उबरने की क्षमता दिखाई है। भविष्य में भी कुछ स्थानों पर ऐसी प्रवाल भित्तियां बची रह सकती हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों को सहने में सक्षम हों।



हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

पैरा एशियन गेम्स : भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, पदकों की संख्या 100 के पार

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान के आईची नागोया में चल रहे पैरा एशियन गेम्स में भारतीय एथलीटों का अब तक ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें साल 2022 में हुए हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में जीते गए कुल 28 गोल्ड मेडल की संख्या को बराबरी करने में कामयाबी मिली है। मेडल टैली में अभी भारत चौथे नंबर पर है, जिसमें उसके नाम कुल 106 मेडल दर्ज हो चुके हैं। इसमें 28 गोल्ड के अलावा 34 सिल्वर और 44 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।



बैडमिंटन : तीन स्वर्ण सहित जीते 16 पदक



भारत के लिए एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में शुक्रवार का दिन बेहतरीन रहा जब पेरिस पैरालम्पिक चैंपियन नितेश कुमार, नवीन शिवकुमार ने बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 और एसएल4 में स्वर्ण पदक जीता जबकि तुलसीमति मुरूगेसन और मानसी जोशी ने महिला युगल एसएल3. एसयू5 में भारत की झोली में पीला तमगा डाला। इस तरह से भारत ने बैडमिंटन में तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य सहित कुल 16 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। मुरूगेसन और मानसी ने चीन की यांग कियूशिया और शियाओ जूशियान को 30 मिनट तक चले मुकाबले में हराया। 31 वर्ष के नितेश ने 38 वर्ष के प्रमोद भगत को हराया। वहीं 2018 और 2022 में स्वर्ण जीतने वाले प्रमोद को रजत पदक मिला।नितेश और पेरिस पैरालम्पिक रजत पदक विजेता तुलसीमति को मिश्रित युगल एसएल3 . एसयू5 में रजत पदक भी मिला।



पैरा तीरंदाजी : हरविंदर और विजय को स्वर्ण

हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने पैरा रिकर्व पुरूष युगल फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच पहला सेट 35-35 से बराबरी पर था। भारत ने दूसरा सेट 37-36 से और तीसरा 38-36 से जीता। चीन के युन डुओ और झाओ लिक्सू की जोड़ी प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख सकी। इससे पहले भारत की भावना चौधरी और पूजा जटिया की जोड़ी महिला पैरा रिकर्व युगल फाइनल में चीन की गाओ जिहान और वांग शूकियान से 0-6 से हार गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

संदीप और हानी को विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण



भारत के संदीप और हानी ने क्रमशः पुरुषों की 400 मीटर टी64 फाइनल और पुरुषों की भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। संदीप ने 52.28 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अजय कुमार को कांस्य पदक मिला। =सउदी अरब के नूर अलसाना को 53.13 सेकंड के साथ रजत पदक मिला जबकि अजय ने खेलों का रिकॉर्ड बनाकर 53.61 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। संदीप और अलसाना टी44 श्रेणी में खेलते हैं जबकि कुमार टी64 श्रेणी के खिलाड़ी हैं। दोनों श्रेणियों की स्पर्धा अक्सर संयुक्त होती है। भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में हानी ने 60.49 मीटर (रजा अंक 1116) का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान के होरमोज एस को 50 . 68 मीटर (रजा अंक 1009) के साथ रजत और चीन के यू चेंगजी को 53 . 66 मीटर (रजा अंक 943) के साथ कांस्य पदक मिला।इसके साथ ही भारत के इन खेलों में सौ पदक हो गए हैं।

5 घंटे का रोमांचक फाइनल, रॉब को हराकर चैंपियन बने आडवाणी

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: पंकज ने जीता 29वां विश्व खिताब

क्यू खेल के दिग्गज खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतकर करियर का 29वां विश्व खिताब अपने नाम किया और साबित कर दिया कि इस खेल में उनका जलवा अब भी कायम है। इकतालिस वर्षीय आडवाणी सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे और अंततः उन्होंने पांच घंटे तक चले बेहद रोमांचक फाइनल में इंग्लैंड के रॉब हॉल को 1906-1206 से शिकस्त दी। आडवाणी और हॉल दोनों के लिए फाइनल काफी अहम था। हॉल इससे पहले पांच बार विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन हर बार खिताब जीतने से चूक गए थे। वहीं आडवाणी की नजरें क्यू खेलों में अपने विश्व खिताबों के बेमिसाल रिकॉर्ड को और बेहतर करने पर थीं।



91 के ब्रेक के साथ की फाइनल की शुरुआत

फाइनल की शुरुआत आडवाणी ने 91 के ब्रेक के साथ की। इसके बाद हॉल ने 203 का शानदार ब्रेक बनाकर बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के करीब दो घंटे बाद दोनों खिलाड़ी लगभग बराबरी पर थे। तभी आडवाणी ने एक और शतकीय ब्रेक लगाकर बढ़त बना ली। अगले 30 मिनट तक हॉल ने शानदार बिलियर्ड्स खेलते हुए 331 का ब्रेक बनाया और कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी से 300 से अधिक अंकों की बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले में दो घंटे से भी कम समय बचा था और अंकों का अंतर लगातार बढ़ने के कारण आडवाणी मुश्किल स्थिति में नजर आ रहे थे।

भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टी-20 आज

सीरीज जीतने गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

भारत पहले मैच में बल्लेबाजों के दम पर बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा लेकिन अगर उसे अपना विजय अभियान जारी रखना है तो न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले कुछ समय की तरह इस मैच में भी भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन साधारण रहा। अगर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो परिणाम उल्टा हो सकता था। भारत ने 226 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके 5 मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता बाकी मैचों में भारी पड़ सकती है।

हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी पर फोकस

दूसरे मैच में भी बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने की उम्मीद है और ऐसे में गेंदबाजों को किसी भी तरह की गलती करने से बचना होगा। पहले टी20 में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले अक्षर पटेल पर भी दबाव होगा। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, 'हमें हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय हमने ओवर पिच गेंदबाजी अधिक की।'

वैभव सूर्यवंशी को मिल सकता है मौका



बल्लेबाजी की बात करें तो ईशान किशन के चोटिल होने के कारण 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिल सकता है। उनका अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने की उम्मीद है जबकि संजू सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। किशन के चोटिल होने के कारण तिलक वर्मा को पहले मैच में तीसरे नंबर पर भेजा गया था लेकिन अब उनके पांचवें या छठे नंबर पर ही आने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और एडम मिल्ने ने अपने पहले स्पेल में काफी स्विंग हासिल की, लेकिन उनकी लेंथ सैमसन और अभिषेक के लिए पर्याप्त कारगर साबित नहीं हुई।

न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों के लिए भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। सैमसन और अभिषेक ने पावरप्ले में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कहर बरपाते हुए 94 रन बनाए थे। इसके बाद सैंटनर और उनके साथी स्पिनर माइकल ब्रैसवेल ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। वह फिर से इसी तरह का प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ-स्पिन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है। ब्रैसवेल के खिलाफ उनके रवैये में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिली थी। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं भुवनेश्वर

भारत के लिए पांचवें और छठे गेंदबाज का विकल्प चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि चोटिल हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में अन्य ऑलराउंडर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पहले मैच में नीतीश रेड्डी ने चार ओवर में 40 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि नमन धीर को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी में मैच विजेता पारी खेली। भारत की गेंदबाजी की मुश्किलों को और बढ़ाने वाली बात यह है कि श्रृंखला के पहले मैच में उसके प्रमुख गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। लगभग चार साल बाद भारत के लिए अपना पहला मैच खेल रहे भुवनेश्वर कुमार अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे और उन्होंने चार ओवरों में 49 रन लुटा दिए। उनकी दो नो-बॉल और उतनी ही वाइड गेंदों से पता चलता है कि उन्हें लय में आने के लिए और समय चाहिए। फिन एलन और उनके साथी सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने पावरप्ले में भुवनेश्वर और अर्शदीप पर मनचाहे चौके लगाकर इन दोनों तेज गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था।

मैच का समय : दोपहर 12:30 बजे

भारत की जिम्बाब्वे पर आसान जीत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला टीम ने श्रीचरणी (23 रन देकर 4 विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 100) के तीसरे वनडे शतक और शेफाली वर्मा (नाबाद 64) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे पर 22.5 ओवर रहते 9 विकेट की आसान जीत दर्ज की। पारी का आगाज करने के लिए भेजी गई प्रतिका ने 96 गेंद की पारी के दौरान 15 चौके लगाए और शेफाली ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के जड़े। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 106 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने 27.1 ओवर में एक विकेट पर 200 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (32 रन) आउट होने वाली एकमात्र बल्लेबाज रहीं। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए बिलव्ड बीजा ने 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन इसके बावजूद टीम 200 रन के अंदर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों ने अहम मौकों पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे की पारी को झकझोर दिया। क्रांति गौड़ (42 रन देकर तीन विकेट) ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने यहां कोटांबी के बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर जिम्बाब्वे को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।



महिला वनडे

- प्रतिका ने जड़ा शतक
- शेफाली ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी
- श्रीचरणी ने झटके 4 विकेट

30 साल की मेघना का क्रिकेट से संन्यास

नई दिल्ली। भारत की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज एस मेघना ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा की। आंध्रप्रदेश की 30 साल की इस खिलाड़ी नवंबर 2022 में आखिरी बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी और गुजरात जायंट्स के लिए खेल चुकी है। मेघना ने पोस्ट में लिखा, खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा करते हुए मेरा दिल कृतज्ञता की भावना से भरा हुआ है। भारत के लिए 3 वनडे और 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैदान मेरे लिए दूसरे घर की तरह रहा है। इसने मुझे विपरीत परिस्थितियों में डटे रहना और विनम्र बने रहना सिखाया। इसने मुझे ऐसी यादें और दोस्त दिए हैं, जिन्हें मैं जीवनभर संजोकर रखूंगी।'



पाक चाहता है 2028 महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी, यूएई में हो सकते हैं भारत के मैच

लाहौर। पाकिस्तान 2028 में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के सभी मैचों की मेजबानी करना चाहता है। हालांकि भारत से जुड़े मुकाबलों के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को तटस्थ स्थल के रूप में चुने जाने पर विचार किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि 12 टीम का यह टूर्नामेंट सात सितंबर से एक अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा और पाकिस्तान इसका मुख्य मेजबान होगा। हालांकि, भारत के मैचों के लिए तटस्थ स्थल को लेकर अभी फैसला नहीं हुआ है। पाकिस्तान और भारत के बीच 'हाइब्रिड मॉडल' लागू है। इसके तहत जब भी इनमें से कोई देश आईसीसी या एशियाई टूर्नामेंट की मेजबानी करता है तो दूसरे देश की टीम अपने मैच निर्धारित तटस्थ स्थल पर खेलती है।

राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष और महिला टीमों की जीत से शुरुआत

अहमदाबाद। भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को यहां मलेशिया को 73-13 से करारी शिकस्त दी जबकि पुरुष टीम ने इंग्लैंड को 46-26 से हराकर राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। भारतीय महिलाओं ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। कप्तान निधि शर्मा के नेतृत्व में भारत ने रेड और टैकल दोनों में शानदार प्रदर्शन किया। निधि ने रेड से आठ अंक जुटाए। भारतीय टीम ने रेड से 40 और टैकल से 20 अंक हासिल किए। भारतीय पुरुष टीम ने भी इंग्लैंड को 46-26 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। नवीन कुमार और नीरज नरवाल ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत ने इंग्लैंड को तीन बार ऑल आउट किया, जबकि खुद एक बार भी ऑल आउट नहीं हुआ। नवीन भारत के शीर्ष स्कोरर रहे।

एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने 1954 में मिक्स्ड डबल्स में जीता था पदक

72 साल का सूखा खत्म, सेफा में हरमीत-यशस्वीनी

एजेंसी ▶▶| ताशकंद

हरमीत देसाई और यशस्वीनी घोरपड़े ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ताशकंद में चल रही एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में इस जोड़ी ने भारत के लिए एक मेडल पक्का कर लिया है। भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई है, जिससे एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में 72 साल बाद भारत के लिए मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले भारत ने इस इवेंट में आखिरी बार 1954 में मिक्स्ड डबल्स में मेडल जीता था। सेमीफाइनल में जगह बनाकर हरमीत और यशस्वीनी ने कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया के पार्क गैंगह्योन और ली डेउन को 3-2 से हराया।

सेमीफाइनल में मुकाबला जापान की जोड़ी से

अब सेमीफाइनल में हरमीत और यशस्वीनी का मुकाबला जापान के सोरा मात्सुशिमा और मिवा हारिमोटो से होगा, जिसमें जीतने वाली जोड़ी फाइनल में अपनी जगह बनाएगी। एक अन्य भारतीय मिक्स्ड जोड़ी, पायस जैन और सिंड्रेला दास मेडल पक्का करने से चूक गई। उन्हें क्वार्टर फाइनल में चीन के यी चेन और हुआंग युझेंग से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। हरमीत हाल ही में हुए एशियन गेम्स का भी हिस्सा थे, लेकिन जिन तीन इवेंट्स में उन्होंने भाग लिया, उनमें से किसी में भी वह मेडल नहीं जीत सके।



हरमीत ने मेंस डबल्स में लिया था हिस्सा

हरमीत ने सत्यन ज्ञानसेकरन के साथ मेंस डबल्स इवेंट में भी हिस्सा लिया था। हालांकि, तीसरे राउंड में उन्हें जापान के सोरा मात्सुशिमा और शुनसुके तोगामी से हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यशस्वीनी भी एशियन गेम्स से खाली हाथ लौटी थीं। वह विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जापान की मिवा हारिमोटो से हार गई थीं।



हरियाणा सरकार की अनूठी पहल

मधुमक्खी पालन अब – मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल

मुआवजे हेतु पात्रता

1. बाढ़ की स्थिति में मधुमक्खी बक्से और कॉलोनियां पानी में डूब जाने पर
2. आग लगने से मधुमक्खी के बक्से और कॉलोनियां खराब होने पर
3. ट्रांसपोर्टेशन के दौरान मधुमक्खी बक्से और कॉलोनियों का दुर्घटना से नुकसान होने पर, बशर्ते दुर्घटना हरियाणा राज्य के अंदर हुई हो तथा उसकी FIR/DDR दर्ज हो
4. मधुमक्खियों में महामारी के कारण नुकसान होने पर

मुआवजे के लिए मधुमक्खी कॉलोनियां और बक्सों की सीमा

1. अधिकतम 250 मधुमक्खी कॉलोनियां और बक्से प्रति मधुमक्खी पालक
2. भावान्तर भरपाई योजना-शहद के तहत पंजीकरण अनिवार्य
3. मधुमक्खी पालक को हर मधुमक्खी बॉक्स पर भावान्तर भरपाई योजना यूनिट नं. दिया जाना अनिवार्य

बीमा फीस व बीमा राशि

1. बीमा फीस 50 रुपये प्रति कॉलोनी एवं 50 रुपये प्रति बॉक्स
2. बीमा राशि 1250 रुपये प्रति कॉलोनी एवं 1250 रुपये प्रति बॉक्स
3. अधिकतम बीमा राशि 3,12,500 रुपये प्रति कॉलोनी एवं 3,12,500 रुपये प्रति बॉक्स

अधिक जानकारी के लिए

क्यू आर कोड स्कैन करें | अथवा | अपने जिले के जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क करें | अथवा | कॉल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-2021

उद्यान विभाग हरियाणा

Website : www.hortharyana.gov.in ई-मेल :-horticulture@hry.nic.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
करें उन
जांबाज़ों को नमन
जिनसे देश है अखंड
CBC 19101/13/0017/2627
आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026
जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के बयान से मची सियासी हलचल

सीमा मुद्दे पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

जब गश्त के तय तरीकों से हटती हैं चीनी सेनाएं, तभी सीमा पर बिगड़ती है स्थिति



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों से हटती हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों देश सीमा से जुड़े लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका मकसद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गलतफहमी और गलत आकलन से बचना है। जायसवाल ने कहा कि दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एलएसी के कुछ उपयुक्त क्षेत्रों की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी है।

ये बोले थे कपूर- फिर चालबाजी कर रहा चीन

अरुणाचल सीमा पर बढ़ा तनाव, कई जगहों पर आमने-सामने के हालात



शत्रुजीत सिंह कपूर

आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान जवानों को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत-चीन के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अभी भी अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर दोनों तरफ की सेनाएं आमने-सामने हैं। उन्होंने कहा था कि हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में ऐसी स्थिति बनी, जहां कई जगहों पर आमना-सामना हुआ, और इनमें से कुछ स्थितियां अभी भी जारी हैं। वहां तैनात हमारी 'शौर्य कमांडो' टीमों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चीनी सैनिकों के साथ आमना-सामने की स्थिति में बेहतरीन कौशल दिखाने के लिए नई कॉम्बैट टीम, 'शौर्य कमांडो' को बधाई दी थी।

'शौर्य कमांडो' एलएसी पर सुरक्षा कवच



भारत-चीन सीमा (एलएसी) पर तनाव और ड्रैगन की चालाकियों का माकूल जवाब देने के लिए भारत ने अपनी सैन्य तैयारियों को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने एलएसी पर अग्रिम मोर्चे पर तैनाती के लिए एक खास और बेहद घातक एलिट दस्ता तैयार किया है, जिसे शौर्य कमांडो नाम दिया गया है। माइनस 40 डिग्री सेल्सियस के कड़ाके के तापमान, ऑक्सीजन की कमी और कठिन पहाड़ी इलाकों में दुश्मन को उनके ही अंदाज में जवाब देने के लिए प्रशिक्षित ये जवान सीमा सुरक्षा का नया स्तंभ बनने जा रहे हैं। चीन के साथ सीमा पर पिछले कुछ वर्षों में उभरी नई चुनौतियों के मद्देनजर शौर्य कमांडोज की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। 'शौर्य कमांडो' आईटीबीपी के सबसे निपुण, शारीरिक रूप से अत्यधिक सक्षम और मानसिक रूप से मजबूत जवानों में से चुने गए स्पेशल फोर्स के कमांडो हैं. इन कमांडोज को अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों, हड्डी कंपाने वाली ठंड और दुर्गम पहाड़ियों में आक्रामक अभियानों को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया है।

Divisa
www.divisastore.com
डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक स्प्रे
यह कोई Allopathy Drug नहीं, Ayurvedic Herbs Based Spray है।
Ajay Devgn



असरदार
अब दर्द भी घुटने टेकेगा
MRP ₹225/-
Net Qty. 75ml
Dr. Juneja's
Dr.Ortho®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
'डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक स्प्रे' 6 गुणकारी आयुर्वेदिक सत्त्वों के योग से निर्मित है, जो जोड़ों के अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका प्रभाव अल्पकालिक नहीं अपितु लंबे समय तक बना रहता है। जोड़ों के पुराने से पुराने दर्द में बेहतर सहायता के लिए डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक स्प्रे के साथ डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक कैप्सूल का नियमित प्रयोग भी लाभकारी है।
गंधपूरा तेल | पुदीना तेल | चीड़ तेल | दालचीनी तेल | नीलगिरी तेल | अलसी तेल
24x7 Helpline: 7876977777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores



बवासीर PILES
खूनी मस्से, खून का गिरना, दर्द, खुजली, जलन, बैठने में परेशानी, कब्ज और मल विसर्जन में मदद करे बवासीर के लिए जौली बवासीर
JOLLY वासीर कैप्सूल व जैल
WITH EASY APPLICATOR
अच्छे मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध
Helpline: 98143-30500
JOLLYorganic.com

विदेशमंत्री जयशंकर ने राष्ट्रपति अलीयेव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की अजरबैजान यात्रा पर जायसवाल ने कहा कि हमारे विदेश मंत्री बाकू दौरे पर हैं। उन्होंने बाकू में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों के विभिन्न पहलुओं को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर ने राष्ट्रपति अलीयेव को भारत के पीएम और राष्ट्रपति की ओर से शुभकामनाएं भी दीं। जायसवाल ने आगे कहा, विदेश मंत्री ने अजरबैजान के अपने समकक्ष और विदेश मंत्री के साथ विस्तार से बातचीत की। यह बातचीत उपयोगी रही। दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। वे राजनीतिक विचार-विमर्श बढ़ाने और एक-दूसरे के यहां प्रतिनिधिमंडल भेजने पर सहमत हुए।

अजरबैजान सरकार का जताया आभार

जायसवाल ने बताया कि दोनों देशों ने आर्थिक साझेदारी, आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश, संपर्क व्यवस्था तथा ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक समझ है। यह आपसी संबंधों को और मजबूत करने का अच्छा आधार प्रदान करती है।

Hero
हीरो संग त्योहार है हर कहीं...
खुशियों भरा त्योहार
XTREME 125R | STARTING EX-SHOWROOM PRICE ₹93 127
HF Deluxe Pro | STARTING EX-SHOWROOM PRICE ₹62 924
Super Splendor XTEC | STARTING EX-SHOWROOM PRICE ₹84 544
Destini | STARTING EX-SHOWROOM PRICE ₹74 999
सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs
कम डाउन पेमेंट ₹4 999^ से शुरू
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200~ तक
For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife
Also Available on: Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. Ex-showroom price of HF-Deluxe Kick, Destini 110 VX, Xtreme 125R IBS and Super Splendor Xtec Drum in Gurgaon.
TOLL FREE 1800 266 0018
Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero- 9289922868; Assandh: Sandhu Hero- 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero- 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero- 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero- 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero- 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero- 9289922433; Gohana: Krishna Hero- 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero- 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero- 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero- 9289922062; Karnal: Nirmal Hero- 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero- 9289922988; Ladwa: Khanna Hero- 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero- 9289922490; Nuh: Sunil Hero- 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero- 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero- 9289922877; Panipat: Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero- 9289922393; Panchkula: Regent Hero- 9289923161; Rewari: Virendra Hero- 9289922060; Rohtak: Shivam Hero- 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero- 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694; Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Badshahpur: Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Mehrauli Rd Sector 15: Autoneeds Hero- 9289922051, Rajeev Chowk: Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327, Neelambata Road: VPS Jindal Motors, 9289235889.
Cheil 33547/26